
दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी





अब खलनायिका बनकर माचाएंगी तहलका...

नई फिल्म को मिला .....

वर्ष : 12 | अंक : 69 | लखनऊ, 02 मार्च, सोमवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

### खामेनेई की हत्या पर लखनऊ में शिया मुसलमानों ने किया विरोध प्रदर्शन

# फूट-फूटकर रोए लोग, कैंडल मार्च निकालेंगे, 3 दिन शोक मनाएंगे

## इमाम ईदगाह ने कहा कि इजराइल और यूएस ने स्वतंत्र देश पर हमला किया, स्कूलों को भी नहीं छोड़ा

**अमन लेखनी समाचार/लखनऊ,**

राजधानी लखनऊ में रविवार को सुबह शिया समुदाय के लोग सड़कों पर उतर आए। रोते बिलखते हुए नारेबाजी शुरू कर दी। यहां तक कि महिलाएं भी सड़कों पर रोते दिखीं। छोटे इमामबाड़े के पास बड़ी संख्या में शिया समुदाय के लोग एकत्र हो गए। इस्लामिक सेंटर आफ इंडिया के अध्यक्ष एवं इमाम ईदगाह मौलाना खालिद रशीद ने कहा कि इस्राइल और यूएस ने मिलकर एक स्वतंत्र देश ईरान पर हमला किया, उन्होंने स्कूलों को भी नहीं छोड़ा। इसकी हम निंदा करते हैं। वहीं शिया चांद कमेटी के अध्यक्ष मौलाना सैफ़ अब्बास नक़वी ने कहा कि खामेनेई दुनिया के सभी मुसलमानों का ख्याल रखने वाले नेता



खामेनेई की हत्या के विरोध में प्रदर्शन करते लोग

### प्रतिष्ठान बंद रख श्रद्धांजलि अर्पित की

आयतुल्ला ख़ामेनई की शहादत पर घोषित 3 दिवसीय शोक के तहत शिया समुदाय के लोग अपने प्रतिष्ठान बंद रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की । इस संबंध में मौलाना कल्बे जवाद ने तमाम उम्मते मुस्लिमा और इंसानियत परस्त लोगों से शोक में शामिल होने की अपील की थी। उन्होंने बताया कि रविवार रात 8 बजे छोटे इमामबाड़े में शोकसभा आयोजित की गई, जिसके बाद कैंडल मार्च निकाला गया।

### उत्तर प्रदेश में हाई अलर्ट जारी

लखनऊ में भी शिया समुदाय के लोग सड़कों पर उतर आए। उत्तर प्रदेश में हाई अलर्ट जारी किया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह बैठक में सभी जिलों को विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। इसके तहत लखनऊ समेत प्रदेश के विभिन्न जिलों में पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों की निगरानी बढ़ा दी गई है।



### ओखला विहार में अमेरिका और इजराइल पर फूटा गुस्सा

## लोगों ने की नारेबाजी, भारी पुलिस बल तैनात रहा

**नई दिल्ली।** ईरान पर इजराइली और अमेरिका ने मिलकर हमला किया। जिसमें ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत हो गई। खामेनेई की मौत के बाद भारत के कई राज्यों में विरोध प्रदर्शन तेज हो गए हैं। दिल्ली के जामियानगर इलाके के ओखला विहार में शिया समुदाय के करीब 100 से 150 लोग इकट्ठा हुए। इन लोगों ने अमेरिका ओर इजराइली के खिलाफ नारेबाजी की।



### 'इजराइल मुर्दाबाद अमेरिका मुर्दाबाद'

प्रदर्शन के दौरान लोगों ने इजराइल और अमेरिका के खिलाफ जमकर नारे लगाए। इजराइल मुर्दाबाद और अमेरिका मुर्दाबाद के नारे गूंजते रहे। कई लोग हाथों में तख्तियां और बैनर लिए हुए थे, जिन पर विरोध के संदेश लिखे थे। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि वे ईरान के साथ हैं।

## खबर संक्षेप

### अविमुक्तेश्वरानंद के बचाव में उतरे सदानंद

**मथुरा।** द्वारिका शारदापीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी सदानंद सरस्वती ने स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती पर लगे आरोपों को पूरी तरह खारिज किया है। उन्होंने कहा कि यह एक सुनियोजित राजनीतिक साजिश है। सनातन धर्म के आचार्यों को बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। वे गोहत्या जैसे मुद्दों को उठाते हैं।



### सीतापुर में 13 शिक्षकों को किया बर्खास्त

**सीतापुर।** यहां 13 शिक्षकों को बर्खास्त कर दिया गया है। सभी फर्जी प्रपत्र लगाकर नौकरी कर रहे थे। वर्ष 2024 में तैनाती मिली थी। सत्यापन के बाद शिक्षकों को निलंबित कर दिया गया था। ये टीईटी का फर्जी प्रमाण पत्र लगाकर नौकरी कर रहे थे। बीएसए ने खंड शिक्षा अधिकारियों को एफआईआर दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।



### हिंदू बन 200 लोगों से की डेढ़ करोड़ की ठगी

**गोंडा।** रूस भेजकर नौकरी दिलाने के नाम पर दस जिलों के 200 लोगों से करीब डेढ़ करोड़ की ठगी करने के मुख्य आरोपित शमशाद उर्फ विवेक को कोलकाता पुलिस ने गिरफ्तार किया है। वह बिहार जिले के चंपारण का रहने वाला है। शमशाद ने हिंदू बन लोगों को ठगी के जाल में फंसाया है। पुलिस छापेमारी कर रही है।




### 6 लोग जहरीली गैस का शिकार, 3 की मौत

**हाजीपुर।** सराय थाना क्षेत्र अंतर्गत अनवरपुर गांव में शौचालय के टंकी के गैस से आधा दर्जन से अधिक लोग मूर्छित हो गए। डॉक्टर ने 3 लोगों को मृत घोषित कर दिया। मौके पर अफरातफरी मच गई। सराय थाना की पुलिस ने लोगों की मदद से सभी को आनन-फानन सदर अस्पताल पहुंचाया गया।



### पीएम मोदी ने 2 राज्यों को दी करोड़ों की सौगात, परियोजनाओं का किया उद्घाटन-शिलान्यास

# कनेक्टिविटी में आएगी क्रांति, अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा, रोजगार बढ़ेंगे और लोगों का जीवन बदलेगा



मदुरै में पूजन करते पीएम मोदी

**राज कुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को तमिलनाडु के मदुरै में एक सभा को संबोधित किया। पीएम नरेंद्र मोदी ने तमिलनाडु में चल रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि पिछले दशक में भारतीय रेलवे ने एक ऐतिहासिक परिवर्तन देखा है, जिसका प्रभाव विशेष रूप से तमिलनाडु में स्पष्ट है। उन्होंने कहा कि पिछले एक दशक में रेलवे बजट आवंटन में 9 गुना वृद्धि हुई है। 1300 किलोमीटर से अधिक नई रेलवे लाइनें बिछाई गई हैं, 97 फीसदी विद्युतीकरण हासिल किया गया है और सैकड़ों फ्लाईओवर व अंडरपास का निर्माण किया गया है, जिससे सुरक्षा और दक्षता में सुधार हुआ है। पीएम मोदी ने यह भी बताया कि पिछले 12 वर्षों में भारत सरकार ने तमिलनाडु के राजमार्ग नेटवर्क में भारी निवेश किया है। 2014 से यहां 4,000 किलोमीटर से अधिक राजमार्गों का निर्माण किया गया है। दो प्रमुख राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिला रखते हुए उन्होंने कहा कि यह तीर्थयात्रियों के लिए यात्रा को सुगम बनाएगा और कृषि उपज तथा समुद्री उत्पादों के सुचारू आवागमन को सुनिश्चित करेगा।

**तमिलनाडु में दो प्रमुख राजमार्ग परियोजनाओं की आधारशिला रखी**

**पीएम मोदी ने कहा- एक दशक में रेल और सड़क मार्गों में हुआ ऐतिहासिक परिवर्तन**

### 1300 किमी रेल लाइनों, 97 फीसदी विद्युतीकरण और 4,000 किमी से अधिक राजमार्गों के निर्माण से लोगों की यात्रा सुगम व सुचारू होगी



### 4,400 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का लोकार्पण

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कुल मिलाकर, 4400 करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाओं का शिलान्यास, उद्घाटन और राष्ट्र को समर्पित किया गया है। इन परियोजनाओं से कनेक्टिविटी में क्रांति आएगी, अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा, रोजगार सृजित होंगे और लाखों लोगों के जीवन में परिवर्तन आएगा। इससे किसानों को बाजार तक पहुंचने के लिए बेहतर सड़कें मिलेंगी, तीर्थयात्रियों और पर्यटकों की यात्रा आसान होगी, और व्यवसायों के लिए परिवहन तेज होगा।

### पीएम मोदी ने इन परियोजनाओं का किया शिलान्यास

- एनएच मार्गों के मराक्कनम-पुडुचेरी, परमकुडी-रामनाथपुरम खंडों को 4-लेन बनाने की आधारशिला रखी।
- 3 नए आकाशवाणी एफएम रिले ट्रांसमीटरों का उद्घाटन किया। 8 पुनर्विकसित रेलवे स्टेशनों का भी उद्घाटन किया।

### 2,700 करोड़ की विकास परियोजनाओं का शुभारंभ, 'बीईएसटी पुडुचेरी'

### पुडुचेरी को दी बड़ी सौगात



प्रधानमंत्री ने रविवार को पुडुचेरी में 2,700 करोड़ की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इनमें इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने, नागरिक सुविधाओं के विस्तार, औद्योगिक प्रगति, शिक्षा, विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवा और सस्टेनेबल ग्रोथ को गति देने वाले प्रेजेक्ट थे।

### एनडीए सरकार पुडुचेरी के विकास को और गति देगी

पीएम मोदी ने कहा कि पुडुचेरी ने प्रति व्यक्ति आय में शानदार बढ़ोतरी दिखाई है। इसने देश में सबसे ज्यादा सामाजिक प्रगति सूचकांक स्कोर भी हासिल किया है।एनडीए सरकार पुडुचेरी के विकास को और गति देगी।

### नए भवनों और छात्रावासों का लोकार्पण किया

पीएम मोदी ने नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, एपीजे अब्दुल कलाम इंजीनियरिंग ब्लॉक और गंगा हॉस्टल, क्षेत्रीय कैंसर केंद्र का लोकार्पण किया।

### करासूर-सेदरापेट औद्योगिक क्षेत्र को राष्ट्र को समर्पित किया

उन्होंने 750 एकड़ में फैले करासूर-सेदरापेट औद्योगिक क्षेत्र को राष्ट्र को समर्पित किया। स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल सुनिश्चित करने व जल आपूर्ति प्रणालियों में सुधार के उद्देश्य से अलग-अलग जल आपूर्ति परियोजनाओं की आधारशिला रखी गई।

### मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस आज से

## भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे सिंधिया, भारत पैवेलियन शुरू करेंगे




**नई दिल्ली।** स्पेन के बार्सिलोना में 2 से 5 मार्च तक होने वाले मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं और केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया मोबाइल वर्ल्ड कांग्रेस (एमडब्ल्यूसी) 2026 में भारत की भागीदारी का नेतृत्व करेंगे। एमडब्ल्यूसी दुनिया के सबसे बड़े और सर्वाधिक प्रभावशाली टेक्नोलॉजी और मोबाइल सम्मेलनों में से एक है। संचार मंत्री अपनी यात्रा के दौरान एमडब्ल्यूसी 2026 में भारत पैवेलियन का उद्घाटन भी करेंगे। यह पैवेलियन भारत की बढ़ती दूरसंचार निर्माण क्षमताओं और नवोन्मेष पारिस्थितिकी तंत्र को प्रदर्शित करने के लिए वैश्विक मंच मुहैया कराएगा। भारत की मेजबानी में आयोजित सीईओ डिनर में वैश्विक मुख्य कार्यकारी अधिकारियों के साथ विचार विमर्श करेंगे जिनमें सहभागी नवोन्मेष और भरोसेमंद साझीदारियों के लिए भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया जाएगा। वह प्रमुख वैश्विक और भारतीय कंपनियों के बूथों और प्रौद्योगिकी प्रदर्शनों में भी जाएंगे।

### सत्र का मंत्र 'भविष्य के लिए निर्माण'

सिंधिया मुख्य मंच के सत्र 'भविष्य के लिए निर्माण' के दौरान जीएसएमए मंत्रिस्तरीय कार्यक्रम को संबोधित करेंगे। इसमें वैश्विक नेता डिजिटल अवसंरचना और उभरते प्रौद्योगिकी फ्रेमवर्क पर चर्चा करेंगे। सिंधिया जीएसएमए मंत्रिस्तरीय मंच पर 'ब्रेकिंग द कॉस्ट बैरियर' विषय पर सत्र में मुख्य समापन भाषण देंगे। यह सेशन दुनिया के लिए किफायती, समावेशी और मापनीय डिजिटल कनेक्टिविटी मॉडलों पर केंद्रित होगा। वह इंडिया मोबाइल कांग्रेस 2026 की पूर्व-प्रस्तुति का भी अनावरण करेंगे। आईएमसी की विशेषताओं पर प्रकाश डालेंगे।

# मोदी सरकार की विदेश नीति बेनकाब, देश चुका रहा भारी कीमत

**अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,**

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और महासचिव (संचार) जयराम ने रमेश ने प्रधानमंत्री नरेंद्र सिंह मोदी की विदेश नीति पर तीखा हमला बोलते हुए कहा है कि 'स्वयंभू विश्वगुरु' के नेतृत्व में भारत की विदेश नीति पूरी तरह बेनकाब हो चुकी है और देश को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ रही है।

सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी बयान में रमेश ने कई बिंदुओं पर केंद्र सरकार को घेरा और अमेरिका, पाकिस्तान, चीन तथा पश्चिम एशिया से जुड़े घटनाक्रमों का हवाला दिया।

**अमेरिका–पाकिस्तान संबंधों पर सवाल :** कांग्रेस नेता ने आरोप लगाया कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड को ट्रंप लगातार पाकिस्तान के साथ नजदीकियां बनाए हुए हैं और ऐसे व्यक्तियों की सराहना कर रहे हैं, जिनके 'भड़काऊ बयानों' ने 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में हुए आतंकी हमलों की पृष्ठभूमि तैयार की।

## कांग्रेस का आरोपः 'ऑपरेशन सिंदूर' और टैरिफ विवाद

रमेश ने दावा किया कि अमेरिकी राष्ट्रपति सौ से अधिक बार यह कह चुके हैं कि उन्होंने 10 मई 2025 को भारत के निर्यात पर टैरिफ बढ़ाने की धमकी देकर 'ऑपरेशन सिंदूर' को रुकवाने में भूमिका निभाई।


कांग्रेस का कहना है कि इन दावों पर प्रधानमंत्री मोदी मौन हैं। रमेश के अनुसार, 10 मई 2025 को शाम 5:37 बजे अमेरिकी विदेश मंत्री ने इस ऑपरेशन को रोकने की घोषणा की थी।

**भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर निशाना** कांग्रेस नेता ने 2 फरवरी को घोषित भारत–अमेरिका व्यापार समझौते को "हताश पहल" करार दिया। उन्होंने कहा कि अठारह दिन बाद अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति ट्रंप की टैरिफ रणनीति को अवैध और असंवैधानिक ठहरा दिया, जो इस समझौते की बुनियाद थी। रमेश के अनुसार, यह समझौता एकतरफा माना जा रहा है, जिसमें भारत ने कृषि उत्पादों के आयात को उदार बनाने के वादे किए हैं, जबकि अमेरिका की ओर से समान प्रतिबद्धता स्पष्ट नहीं है। रूस से तेल खरीद बंद करने के मुद्दे पर भी सरकार ने स्पष्ट रुख नहीं अपनाया है।

**इजराइल दौरा और ईरान पर हमला :** कांग्रेस ने 25–26 फरबरी को प्रधानमंत्री के इजराइल दौरे का भी उल्लेख किया। बयान में कहा गया कि प्रधानमंत्री के इजराइल से लौटने के दो दिन बाद अमेरिका–इजराइल द्वारा ईरान पर सैन्य कार्रवाई शुरू हो गई। कांग्रेस ने इसे भारत के मूल्यों और सिद्धांतों के विपरीत बताते हुए कहा कि सरकार की प्रतिक्रिया "नैतिक कायरता" का प्रदर्शन है।

**चीन मुद्दे पर भी उठाए सवाल :** रमेश ने 19 जून 2020 के प्रधानमंत्री के उस बयान का जिक्र किया, जिसमें चीन को लेकर टिप्पणी की गई थी। कांग्रेस का आरोप है कि इस बयान ने भारत की वार्ता स्थिति को कमजोर किया और अब संबंधों को चीन की शर्तों पर सामान्य बनाने का दबाव है।

## शादी के बाद तिरुपति पहुंचे रश्मिका-विजय



### भगवान वेंकटेश्वर का आशीर्वाद लिया

तिरुपति। 26 फरवरी को रश्मिका मांदाना और विजय देवकोंडा ने उदयपुर में शादी कर ली है। पति–पत्नी बन चुके रश्मिका–विजय ने रविवार को आंध्र प्रदेश के चित्तूर जिले में तिरुमाला पहाड़ियों पर स्थित तिरुपति बालाजी (वेंकटेश्वर स्वामी) मंदिर के दर्शन कर नए शादीशुदा जीवन के लिए आशीर्वाद लिया है।उनका यह वीडियो फैंस के बीच काफी पसंद किया जा रहा है।

# स्कूटी सवार दो छात्रों को तेज रफ्तार डंपर ने रौंदा

**हादसा**

अमन लेखनी समाचार





उन्नाव। शनिवार शाम तेज रफ्तार डंपर ने स्कूटी सवार दो छात्रों को कुचल दिया। जिसमें स्कूटी सवार प्रतियोगी छात्र और जीएनएम छात्रा को टक्कर मार दी। पुलिस ने डंपर को कब्जे में लेकर चालक से पूछताछ शुरू कर दी है। हादसा जाजमऊ चौकी से लगभग 50 मीटर पहले हुआ। जानकारी के अनुसार, स्कूटी सवार दोनों युवक-युवती लखनऊ से कानपुर की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार डंपर ने उनकी स्कूटी में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर के बाद दोनों सड़क पर दूर जा गिरे। जिससे दोनों की हाथ-पैर टूट गए सिर में गंभीर चोटें लगीं। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, डंपर की रफ्तार काफी तेज थी और चालक ने ब्रेक लगाने की कोशिश भी देर से की। कुछ ही पलों में हाईवे पर भीड़ जमा हो गई। राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। जाजमऊ चौकी प्रभारी मौके पर पहुंचे और घायलों को जिला अस्पताल भिजवाया। जहां डॉक्टरों उन्हें दोनों को मृतक घोषित कर दिया। घटना गंगाघाट थाना क्षेत्र की है। मामला उन्नाव के जाजमऊ चौकी के पास की है। जहां स्कूटी सवार छात्र-छात्रा की डंपर से कुचल कर मौत हो गई। दोनो दोस्त थे और साथ में आते-जाते थे। मृतकों की पहचान कानपुर के काकादेव के निवासी ज्ञान सिंह सोनकर (28) और बर्रा आठ निवासी भूमिका सिंह (27) के रूप में हुई है। ज्ञान सिंह लखनऊ में रहकर एसआई (दरोगा) भर्ती परीक्षा की तैयारी कर रहे थे। परिवार के अनुसार, वे पढ़ाई को लेकर बेहद गंभीर थे और जल्द ही परीक्षा देने वाले थे। वहीं भूमिका सिंह ऐरा मेडिकल कॉलेज में जीएनएम की छात्रा थी। दोनों ही अपने करियर को लेकर उत्साहित थे। हादसे की सूचना मिलते ही दोनों परिवारों में रोना-पीटना मच गया। परिजन बदहवास हालत में अस्पताल पहुंचे। जो बच्चे अपने सपनों की ओर बढ़ रहे थे, उनकी जिंदगी हाईवे पर खत्म हो गई। भूमिका के चाचा सुनील पटेल ने बताया, जो एक्सीडेंट हुआ है, उसमें हमारी भतीजी, हमारी बिटिया की मौत हो गई है। वह लखनऊ में पढ़ाई कर रही थी और होली की छुट्टियों में घर वापस कानपुर आ रही थी। उन्होंने बताया, कानपुर गंगा के पुल के पहले एक्सीडेंट हुआ। सुनील पटेल के अनुसार, हादसा उस समय हुआ जब उनकी भतीजी स्कूटी से कानपुर की ओर आ रही थी। टक्कर के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, डंपर से टक्कर हुई थी। हालांकि उन्होंने यह भी बताया कि पुलिस ने डंपर को पकड़ लिया है। प्रशासन से किसी विशेष कार्रवाई की मांग के सवाल पर सुनील पटेल ने बेहद भावुक स्वर में कहा, कार्रवाई क्या चाहते हैं, अब जो होनी थी वो तो हो ही गई है, बिटिया चली गई है। उनके इस बयान से परिवार के गहरे दुख और टूटे हुए मनोबल का अंदाजा लगाया जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि हादसे के वक्त उनकी भतीजी के साथ एक युवक भी था, जो लखनऊ में ही उसके साथ पढ़ाई करता था। वो दोनों लोग वहीं लखनऊ में पढ़ते थे। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दुर्घटनाग्रस्त डंपर को कब्जे में ले लिया है। प्रारंभिक जांच में चालक की लापरवाही सामने आ रही है। पुलिस का कहना है कि परिजनों की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी। वाहन की तकनीकी जांच भी कराई जा रही है। लखनऊ-कानपुर हाईवे पर भारी वाहनों की तेज रफ्तार पहले भी कई हादसों की वजह बन चुकी है।

# खेल से बढ़ता है आपसी भाईचारा, खिलाड़ियों को मिलेगा मंच

अमन लेखनी समाचार



औरास, उन्नाव। कस्बे के मिनी स्टेडियम मैदान में शनिवार को क्रिकेट टूर्नामेंट का रंगारंग आगाज हुआ। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि औरास नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश कुमार एवं श्यामनगर वार्ड के सभासद संदीप कुमार उर्फ मोनू कनौजिया ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान खिलाड़ियों के उत्साह से पूरा मैदान गूंज उठा।

स्थानीय प्रतिभाओं को निखारने की पहल

उद्घाटन के बाद खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए चेयरमैन राकेश कुमार ने कहा कि खेल न केवल शारीरिक विकास के लिए जरूरी है, बल्कि इससे अनुशासन और आपसी भाईचारे की भावना भी मजबूत होती है। उन्होंने कहा कि सौरभ सिंह द्वारा आयोजित यह प्रतियोगिता हसनगंज तहसील क्षेत्र की ग्रामीण खेल प्रतिभाओं को अपनी कला दिखाने के लिए एक बेहतरीन मंच प्रदान करेगी।

इनकी रही गरिमामयी उपस्थिति

टूनार्मेंट के शुभारंभ अवसर पर क्षेत्र के कई गणमान्य लोग मौजूद रहे, जिनमें मुख्य रूप से:

मधुर सिंह, कमल सरदार और पारस जायसवाल

आदित्य, अभय, प्रशांत और निखिल कनौजिया

विशाल कनौजिया समेत बड़ी संख्या में खेल प्रेमी।

खेल भावना की शपथ

आयोजक सौरभ सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता के दौरान अनुशासन का विशेष ध्यान रखा जाएगा। सभी उपस्थित अतिथियों और खिलाड़ियों ने खेल भावना के साथ पूरी पारदर्शिता से टूनार्मेंट संपन्न कराने का संकल्प लिया। मैच देखने के लिए पहले ही दिन दर्शकों की भारी भीड़ उमड़ी।

## संक्षेप

### जमीन के बंटवारे को लेकर मां बेटी को जमकर पीटा

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के कुरसठ ग्रामीण में पारिवारिक जमीनी बंटवारे को लेकर हुए विवाद में मां-बेटी को पीटकर घायल कर दिया गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कुरसठ ग्रामीण के मजरा बादुल्ला खेड़ा निवासी आशा पत्नी मुन्ना लाल ने रविवार को आसीवन पुलिस को तहरीर दी। उन्होंने बताया कि जमीनी बंटवारे की बात को लेकर तीन लोग उनके घर आए और गाली-गलौज करने लगे। जब आशा ने गाली-गलौज का विरोध किया, तो उन लोगों ने मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने आई उनकी बेटी राधा को भी पीट-पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। इस संबंध में आसीवन थानाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि उन्हें तहरीर मिली है। मामले की जांच कराई जा रही है और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### होली का पर्व आते ही बड़ी बाजार में रौनक सजी रंगों की दुकानें

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। कोतवाली होली का त्योहार नजदीक आते ही बाजारों में रौनक बढ़ गई है। सफीपुर में गुलाब बिल्डिंग रोड और मियागंज रोड स्टेट बैंक रोड आदि जगहों पर अबीर, गुलाल और रंगों की दुकानें सज गई हैं। सुबह से देर शाम तक खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ रही है, जिससे सफीपुर में उत्सव का माहौल है। बाजारों में बच्चों और युवाओं की भीड़ विशेष रूप से देखी जा रही है। बच्चे नई डिजाइन की पिचकारियां और रंग-बिरंगे मुखौटे खरीदने में उत्साहित हैं। इस बार स्प्रे कलर, सूखा रंग, पारंपरिक गुलाल और हर्बल रंगों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध है। उपभोक्ता रासायनिक रंगों से बचने के लिए हर्बल गुलाल को प्राथमिकता दे रहे हैं, जिसकी मांग पिछले कुछ वर्षों से लगातार बढ़ रही है। दुकानदारों के अनुसार, इस बार ₹हथौड़ा पिचकारी₹ बच्चों के बीच सबसे लोकप्रिय है। दुकानदार शुभम, नितिन, आशीष गुप्ता, प्रभु, शिवम और अश्वनी ने बताया कि बच्चे इसे देखते ही खरीदने की जिद करते हैं। इसके अलावा, स्प्रे कलर और कार्टून व सुपरहीरो थीम पर आधारित पिचकारियों की भी अच्छी बिक्री हो रही है। सफीपुर क्षेत्र के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी लोग खरीदारी के लिए सफीपुर पहुंच रहे हैं। अबीर-गुलाल की थोक और फुटकर दुकानों पर ग्राहकों की आवाजाही बढ़ी है। रंगों और पिचकारियों के साथ-साथ मिठाई और गुझिया की दुकानों पर भी होली की तैयारियां शुरू हो गई हैं।

# नकाबपोश बदमाशों ने बाइक सवार युवक से लूटी नगदी

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अचलगंज ड्यूटी कर वापस घर लौट रहे बाइक सवार फैक्ट्री कर्मी द्वारा उन्नाव लालगंज हाइवे स्थित एक गेस्ट हाउस निकट नकाब पोस बदमाशों द्वारा 22हजार रुपए लूट लिए जाने की सूचना दूरभाष पर पुलिस को दी। हाइवे पर रोड होल्डप की सूचना मिलते ही पुलिस में हड़कंप मच गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने चार लोगों को पकड़कर थाने लाई है। पुलिस लूट की घटना नकार दो पक्षों के बीच मारपीट होना बता रही है। अचलगंज कस्बा निवासी अमर त्रिवेदी दही थाना क्षेत्र के ग्लोबल इंडस्ट्री में कर्मचारी है शनिवार रात करीब ग्यारह बजे ड्यूटी कर स्कूटी से वापस घर लौट रहा था आरोप है कि वह उन्नाव लालगंज हाइवे स्थित मुगलपुर निकट एक गेस्ट हाउस के समीप पहुंचा था कि सामने से आए आधा दर्जन लोगों ने उसकी वाइक जबरन रोक ली और मारपीट कर वेतन के मिले 22 हजार रुपया लूट लिया। घटना के थोड़ी देर बाद पीड़ित ने इसकी सूचना दूरभाष से अचलगंज पुलिस को दी। लूट की सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस ने मौके पर पहुंच चार लोगों को पकड़कर थाने लाई है। अचलगंज इंस्पेक्टर बृजेश शुक्ला ने बताया कि दो पक्षों के बीच विवाद के बाद मारपीट की घटना घटित हुई है पीड़ित ने जिसकी लिखित सूचना थाने में दी है बाद में दोनों पक्षों ने आपसी सुलह समझौता कर लिया है। जिसके आधार पर चारों को छोड़ दिया गया है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में महिला अपनी पांच वर्षीय पुत्री समेत हुई लापता

अमन लेखनी समाचार





उन्नाव। अजगैन थाना क्षेत्र से एक महिला और उसकी पांच वर्षीय बेटी के लापता होने की खबर से इलाके में सनसनी फैल गई है। पति ने पुलिस अधीक्षक से प्रार्थना पत्र देकर जल्द कार्रवाई और खोजबीन तेज करने की मांग की है। लखनऊ निवासी कुलदीप कुमार ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए प्रार्थना पत्र में कहा है उनकी पत्नी कोमल 28 वर्ष 24 फरवरी की सुबह करीब 11 बजे अपनी पांच वर्षीय बेटी वैष्णवी के साथ मायके अजगैन के ग्राम सेरसा जाने के लिए घर से निकली थीं। बताया गया कि शाम करीब चार बजे वह सेरसा गांव पहुंचीं, जहां घर पर कोई नहीं था। ताला लगा था। परिजनों के मुताबिक शाम करीब पांच बजे कोमल ने अपने भाई विवेक को फोन कर बताया कि घर पर कोई नहीं है और वह वापस लखनऊ लौट रही हैं। इसके बाद से उनका मोबाइल बंद हो गया। रात दस बजे तक मां-बेटी के घर न पहुंचने पर परिवार ने अपने स्तर पर तलाश शुरू की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। अगले दिन 25 फरवरी को एसपी के आदेश पर थाना अजगैन में गुमशुदगी दर्ज की गई। और मोबाइल सर्विलांस पर लगाकर खोजबीन की जाने की मांग की है। चर्चा है महिला बेटी के साथ लखनऊ से ही गायब हुई है। इस संदर्भ में कोतवाली निरीक्षक सुरेश सिंह ने बताया प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है। गुमशुदी दर्ज कर ली गई है। और मामले की जांच की जा रही है। मोबाइल डिटेल व संभावित स्थानों की जानकारी जुटाई जा रही है।

# एसएमसी प्रशिक्षण कार्यक्रम का किया गया आयोजन

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। नवाबगंज क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय अजीजपुर बिचपरी कंपोजिट विद्यालय के प्रांगण में वार्षिक उत्सव एवं स्कूल प्रबंधन समिति एसएमसी प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एसएमसी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष व सभी सदस्य, एआरपी हारून, संकुल प्रभारी तनवीर, प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष वंशराज सहित बड़ी संख्या में अभिभावक एवं विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ हुआ। इसके बाद विद्यालय के बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया। एसएमसी प्रशिक्षण सत्र में विद्यालय के विकास, शैक्षिक गुणवत्ता सुधार और अभिभावकों की भागीदारी बढ़ाने पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के समापन



अवसर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कार वितरित कर सम्मानित किया गया।

# संयुक्त शिक्षक संगठनों की हुई बैठक

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। अखिल भारतीय संयुक्त शिक्षक महासंघ के आह्वान पर रविवार को निराला उद्यान में संयुक्त शिक्षक संगठनों की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। इसमें जनपद स्तर पर प्रस्तावित पोस्टकार्ड अभियान को प्रभावी बनाने का संकल्प लिया गया। विभिन्न शिक्षक संगठनों के पदाधिकारियों और शिक्षकों ने अभियान को व्यापक स्तर पर सफल बनाने पर सहमति जताई। बैठक में निर्णय लिया गया कि यह पोस्टकार्ड अभियान 9 से 15 मार्च 2026 तक विशेष प्राथमिकता के साथ चलाया जाएगा। वक्ताओं ने इसे केवल एक औपचारिक कार्यक्रम न मानकर जनभावनाओं को व्यक्त करने का एक सशक्त माध्यम बताया। संजय कनौजिया ने जानकारी दी कि अभियान के लिए पर्याप्त संख्या में पोस्टकार्ड क्रय कर उपलब्ध कराए जाएंगे, ताकि अधिक से अधिक शिक्षक, कर्मचारी और उनके परिजन इसमें भाग ले सकें। जूनियर शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष कृष्ण शंकर मिश्र ने कहा कि सभी शिक्षक अपने विचार अलग-अलग शब्दों में पोस्टकार्ड पर लिखेंगे, जिसमें परिवार के सदस्य भी शामिल होंगे।

अटेवा के अर्पित मिश्र ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार पोस्टकार्ड संबंधित अधिकारियों को प्रेषित किए जाएंगे। इसके समानांतर एक ईमेल अभियान भी चलेगा, जिसके लिए मुख्य ईमेल आईडी साझा की जाएगी। उन्होंने पारंपरिक और डिजिटल माध्यमों के समन्वय को अभियान की प्रभावशीलता के लिए महत्वपूर्ण बताया। प्रशिक्षित स्नातक एसोसिएशन के संजीव संखवार और प्रदीप वर्मा ने डिजिटल प्लेटफॉर्म के अधिकतम उपयोग पर जोर दिया।

वहीं, विशिष्ट बीटीसी के अरुण कुमार ने बताया कि जागरूकता के लिए वीडियो, पोस्टर और बैनर तैयार कर सोशल मीडिया तथा विद्यालयों के माध्यम से प्रसारित किए जाएंगे, ताकि संदेश गांव-गांव तक पहुंचे। बैठक में यह भी तय हुआ कि आगामी होली मिलन समारोह के दौरान ₹जहाँ भी जाएं, एक पोस्टकार्ड अवश्य साथ ले जाएं₹ स्लोगन के माध्यम से शिक्षकों को अभियान से जोड़ा जाएगा। सुरेंद्र प्रकाश, अशोक पाल, अनिल कनौजिया, दिलीप, विनीत, अक्षय कटियार, उमेश, शरद, बीरेंद्र और उमेश मौर्य सहित अन्य पदाधिकारियों ने पोस्टकार्ड वितरण और सहभागिता पर विशेष जोर देने की बात कही।

# पति-पत्नी के 19 विवादित जोड़ो की सकुशल की गयी विदाई

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। जय प्रकाश सिंह वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में सभी थानों में स्थित महिला हेल्प डेस्क में पति-पत्नी के विवादित जोड़ों को बुलाया गया, परिवार परामर्शदाताओं एवं महिला हेल्पडेस्क की टीम द्वारा उनकी काउंसलिंग करते हुए उनके बीच उपजे विवाद को खत्म कराया गया तथा परिवार को टूटने से बचाया। तदोपरान्त महिला थाना, थाना सोहरामऊ से 04-04, थाना औरास, थाना बांगरमऊ से 03-03 थाना हसनगंज से 02, थाना गंगाघाट, कोतवाली सदर व थाना सफीपुर से 0-01 जोड़े को बिना विवाद साथ रहने के वादे के साथ विदा किया गया। उपरोक्त पुनीत कार्य में डा0 आशीष श्रीवास्तव प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र समिति एवं डा0 अबसार अली, डा0 सगीर अहमद तथा पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक महिला थाना रेखा सिंह, नसीर, उपासना, आरक्षी अक्षय गोस्वामी, महिला आरक्षीगण सेविका, रूबी राव, शिखा यादव, सुहावना तोमर, शकुंतला, तरुण रानी व रंजना कुमारी का विशेष योगदान रहा।



# फांसी लगाकर महिला ने अपनी जीवन लीला की समाप्त

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। सोहरामऊ थाना क्षेत्र के दरियार खेड़ा सहरावा गांव में शनिवार देर रात एक 35 वर्षीय विवाहिता ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतका की पहचान रानी (35) पत्नी राम धनी के रूप में हुई है। सूचना मिलने पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। रानी अपने पीछे तीन छोटे बच्चों, जिनमें दो बेटियां और एक बेटा शामिल हैं, को छोड़ गई हैं। उनका मायका अजगैन थाना क्षेत्र के जैतखेड़ा गांव में बताया गया है। परिजनों के अनुसार, घटना शनिवार देर रात की है जब पति राम धनी मजदूरी के सिलसिले में घर से बाहर थे। रविवार सुबह जब वह काम से लौटे, तो उन्होंने अपनी पत्नी रानी का शव फांसी के फंदे से लटका हुआ पाया। उस समय तीनों बच्चे घर में ही सो रहे थे। पति राम धनी ने बताया, ₹मैं काम पर गया था और सुबह लौटने पर पत्नी को फांसी पर लटका देखा। हमारे तीन बच्चे हैं, दो बेटियां और एक बेटा। हमारी किसी से कोई दुश्मनी नहीं है और आत्महत्या का कारण भी हमें पता नहीं है। ₹सोहरामऊ थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आसपास के लोगों से पूछताछ की। पुलिस के अनुसार, प्रथम दृष्टया यह मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि सभी पहलुओं की गहनता से जांच की जा रही है। मृतका के मायके पक्ष को भी घटना की सूचना दे दी गई है।

# सफाई कर्मी के साथ दबंगो ने की मारपीट



अमन लेखनी समाचार

पुरवा, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम तौरा निवासी विनोद कुमार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह सफाई कर्मचारी के पद पर कार्यरत है जहां शनिवार शाम लगभग सात बजे ड्यूटी कर घर वापस आ रहा था। तभी गांव पहुंचते ही गांव के ही राहुल व मनीष शराब के नशे में मुझे रोक लिया और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर मारने पीटने लगे। शोर सुनकर आसपास के लोगो को आता देख जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। कोतवाल अमरनाथ यादव ने बताया कि रिपोर्ट दर्जकर मामले की जांच की जा रही है।

# श्री मद्भागवत कथा में भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का किया वर्णन

अमन लेखनी समाचार

बीघापुर, उन्नाव। तहसील क्षेत्र के अमरपुर आंव ग्राम में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के पांचवें दिन श्रद्धा और भक्ति का विशेष वातावरण देखने को मिला। कथा वाचन करते हुए आचार्य गोपाल जी शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण द्वारा की गई बाल लीलाओं व गोवर्धन लीला की विस्तृत और भावपूर्ण कथा श्रोताओं को सुनाई। आचार्य जी ने बताया कि जब ब्रजवासियों में इंद्र देव की पूजा का प्रचलन था, तब भगवान श्रीकृष्ण ने उन्हें कर्म और प्रकृति के प्रति जागरूक करते हुए गोवर्धन पर्वत की पूजा का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि गोवर्धन लीला यह सिखाती है कि अहंकार का अंत निश्चित है और सच्ची भक्ति ही जीवन का आधार है। कथा के दौरान जैसे ही श्रीकृष्ण द्वारा गोवर्धन पर्वत को अपनी छोटी उंगली पर उठाने का प्रसंग आया, पंडाल गोवर्धन महाराज की जयह्व के जयकारों से गूंज उठा। आचार्य गोपाल जी शास्त्री ने गोवर्धन पूजा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व प्रकृति संरक्षण, गौ सेवा और सामूहिक एकता का प्रतीक है। उन्होंने श्रद्धालुओं से अपने जीवन में अहंकार त्यागकर सेवा, सद्भाव और भक्ति के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कथा श्रवण के दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीणों की उपस्थिति रही। प्रमुख रूप से महेशदत्त तिवारी, भुल्लन शर्मा, गंगा प्रसाद रावत, पूरन लाल कुशवाहा, रविशंकर तिवारी, लल्लन बाजपेई, पिंकू दुबे, पियारे कुरील, गोलू द्विवेदी और राजेश पटेल सहित अनेक श्रद्धालु मौजूद रहे। अंत में आरती और प्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# सीएमओ ने सीएचसी का किया औचक निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। नवाबगंज सीएचसी का सीएमओ ने रविवार को औचक निरीक्षण किया। इमरजेंसी, महिला वार्ड, फामेर्सी तथा परिसर की सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। सीएचसी में मरीजों को किसी तरह की दिक्कत न हो इसके कड़े निर्देश दिए। कस्बा स्थित सीएचसी का सीएमओ डॉ सत्य प्रकाश ने रविवार को औचक निरीक्षण किया। फार्मासिस्ट प्रदीप कुमार से फामेर्सी में उपलब्ध दवाओं आदि की जानकारी दी। उन्होंने पीने के पानी, साफ सफाई व्यवस्था, शौचालय आदि का निरीक्षण किया। सीएचसी में भर्ती मरीजों और तीमारदारों से स्वास्थ्य सेवाओं और सुविधाओं की जानकारी ली। मरीजों को सीएचसी में किसी प्रकार की दिक्कत नहीं हो इसके लिए डॉ जितेंद्र सिंह को कड़े निर्देश दिए। महिला वार्ड में भर्ती प्रसूता से इलाज की जानकारी ली। स्वास्थ्य कर्मियों को साफ सफाई व्यवस्था और मरीजों के इलाज में लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की चेतावनी दी।

# चाचा पर भतीजी ने गाली गलौज करने का लगाया आरोप

अमन लेखनी समाचार




सुमेरपुर, उन्नाव। बारा सगवर थाना क्षेत्र के कस्बा धानी खेड़ा निवासी पूनम सिंह उर्फ शिल्पी पुत्री शिव प्रताप सिंह ने थाने में तहरीर देखकर अपने चाचा के ऊपर गाली गलौज मारपीट धमकी का आरोप लगाया है। पूनम ने थाने में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि 6 दिसंबर 2025 को मेरे पिताजी की मौत हो गई थी। पिता की मौत के बाद से चाचा राघवेंद्र प्रताप उर्फ छोटू अकारण मुझे गाली गलौज करते हैं। मेरे द्वारा मना करने पर भी नहीं मानते है घर में मेरी मां अकेली रहती है। हम तीन बहने हैं तीनों की शादी हो चुकी है। चाचा आए दिन उत्पीड़न कर रहे हैं। थाना अध्यक्ष धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया कि तहरीर पर राघवेंद्र के विरुद्ध गाली गलौज धमकी का केस दर्ज कर लिया गया है जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## संक्षेप

### खाद्य विभाग की छापेमारी

**डेढ़ लाख का तेल जब्त, तीन नमूने लैब भेजे**

संवाददाता

अमेठी , खाद्य सुरक्षा विभाग ने बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने मुसाफिरखाना तहसील क्षेत्र से लगभग डेढ़ लाख रुपये का खाद्य तेल जब्त किया। जांच के लिए तीन नमूने प्रयोगशाला भेजे गए हैं। यह कार्रवाई होली के त्योहार के मद्देनजर की जा रही है, जिसके तहत जिले का खाद्य सुरक्षा विभाग लगातार अभियान चला रहा है। इसी क्रम में मुसाफिरखाना में कई जगहों पर छापेमारी की गई। छापेमारी के दौरान, टीम ने हिन्द ट्रेडर्स रानीगंज और त्रिपुरारी की तेल निर्माण इकाई इन्हौना में कार्रवाई की। यहां से कुल 973 लीटर खाद्य तेल जब्त किया गया, जिसकी अनुमानित कीमत 1 लाख 47 हजार 200 रुपये है। इस अभियान में मुसाफिरखाना एसडीएम के साथ खाद्य आयुक्त द्वितीय के नेतृत्व में खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीकिशुन चौहान, युगुल किशोर और पूजा गुप्ता शामिल थे। जब्त किए गए तेल के तीन नमूने गुणवत्ता जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### कार ने बाइक सवार बुजुर्ग को मारी टक्कर, घायल

**अमेठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार मिला**

अमेठी , कोतवाली क्षेत्र के ककवा रोड स्थित ओवरब्रिज पर शुक्रवार को एक सड़क हादसा हुआ। ओवरब्रिज पर चढ़ते समय एक कार की टक्कर से 76 वर्षीय बाइक सवार बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गए। राजापुर कोहरा निवासी रामदेव पाल (76) पुत्र स्वर्गीय छवि लाल अपने घर से अमेठी बाजार जा रहे थे। ओवरब्रिज पर चढ़ते समय कार की हल्की टक्कर लगने से उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और वे सड़क पर गिर पड़े। हादसे के बाद कार चालक ने घायल बुजुर्ग को तुरंत अपनी गाड़ी से अमेठी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने उनका प्राथमिक उपचार किया। ड्यूटी पर मौजूद डॉक्टर सौरभ सिंह ने बताया कि घायल बुजुर्ग के सिर और पैर में चोटें आई हैं। उनकी हालत स्थिर है और वे खतरे से बाहर हैं।

### नीलगाय के सामने आने से कार अनियंत्रित

**ऊंच गांव के पास हादसा, चालक बाल-बाल बचा**

अमेठी , शुकुल ब्लॉक क्षेत्र में एक डिजायर कार नीलगाय के सामने आ जाने से अनियंत्रित हो गई। यह घटना ऊंच गांव स्थित यूनियन बैंक के पास हुई। हादसे में कार झाड़ियों में जा फंसी, हालांकि चालक बाल-बाल बच गया। जानकारी के अनुसार, कार इन्हौना की तरफ से आ रही थी जब अचानक एक नीलगाय सड़क पर आ गई। नीलगाय से बचने के प्रयास में चालक ने नियंत्रण खो दिया, जिससे कार सड़क किनारे झाड़ियों में घुस गई। घटनास्थल पर मौजूद राहगीरों ने तुरंत मदद की और कार चालक को सुरक्षित बाहर निकाला। इस दुर्घटना में किसी भी प्रकार की जनहानि या गंभीर चोट की सूचना नहीं है।

# होली पर्व को लेकर जिला प्रशासन अलर्ट

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। होली पर्व को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। मुख्यमंत्री के निदेशों पर वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों में संयुक्त रूप से पैदल गश्त और फ्लैग मार्च किया। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया और आमजन से संवाद कर फीडबैक भी प्राप्त किया गया।संयुक्त गश्त में अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, उप जिलाधिकारी और क्षेत्राधिकारी (सीओ सिटी) सहित कई अधिकारी शामिल थे। अधिकारियों ने बताया कि इस अभियान के दो मुख्य उद्देश्य हैं।पहला, विभिन्न स्थलों पर साफ-सफाई, पेयजल और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं की समीक्षा करना। दूसरा, सुरक्षा के मद्देनजर संवेदनशील इलाकों का निरीक्षण कर स्थिति का आकलन करना और आवश्यक निर्देश जारी करना।पैदल गश्त के दौरान अधिकारियों ने आम नागरिकों से बातचीत कर उनकी समस्याओं और सुझावों को भी सुना। इससे प्रशासन को जमीनी हकीकत समझने और अंतिम तैयारियों में किसी भी कमी को समय रहते पूरा करने में मदद मिलती है।प्रशासन की टीम ने थाना गंगाघाट और थाना अचलगंज क्षेत्रों को भी कवर करने की योजना बनाई है। इससे पहले सुबह के समय भी कुछ इलाकों का निरीक्षण किया गया था। अधिकारियों के अनुसार, अगले दिन भी दिन और शाम के समय जनपद के अन्य महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील स्थलों पर इसी प्रकार का भ्रमण किया जाएगा, ताकि कोई भी स्थान निगरानी से अछूता न रहे।संवेदनशील इलाकों के संबंध में अधिकारियों ने बताया कि आमतौर पर घनी आबादी और मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों को चिन्हित किया जाता है। विशेष रूप से होलिका दहन स्थलों का चयन सही स्थान पर हो, यह सुनिश्चित किया जा रहा है, ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके।जिन क्षेत्रों में पूर्व में कोई विवाद या घटना हुई हो, उन्हें भी प्राथमिकता के आधार पर निगरानी में रखा गया है। अधिकारियों ने जोर देकर कहा कि प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है कि होली सहित आगामी सभी त्योहार सौहार्दपूर्ण और आदर्श वातावरण में मनाए जाएं।जिन क्षेत्रों में पूर्व में कोई विवाद या घटना हुई हो, उन्हें भी प्राथमिकता के आधार पर निगरानी में रखा गया है।

अधिकारियों ने जोर देकर कहा कि प्रशासन पूरी तरह प्रतिबद्ध है कि होली सहित आगामी सभी त्योहार सौहार्दपूर्ण और आदर्श वातावरण में मनाए जाएं।

जनपदवासियों से अपील करते हुए उन्होंने होली की अग्रिम शुभकामनाएं दीं और कहा कि पर्व मनाते समय सभी की भावनाओं का सम्मान किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से यह भी कहा कि समाज में कई लोग ऐसे होते हैं जो विभिन्न कारणों से होली नहीं खेलना चाहते, जैसे बुजुर्ग, बीमार व्यक्ति या जिनके परीक्षाएं चल रही हैं। ऐसे में त्योहार का माहौल सभी के लिए सुखद और सुरक्षित बना रहे, इसका ध्यान रखा जाए।

# भारत-नेपाल सीमा रात 12 बजे से होगा सील

## महानिरीक्षक एसएसबी रतन संजय ने किया रूपईडीहा सीमा का निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार



रूपईडीहा, बहराइच। पड़ोसी मित्र राष्ट्र नेपाल में आगामी संसदीय चुनाव को लेकर भारत-नेपाल सीमा पर सतर्कता बढ़ा दी गई है। इसी क्रम में सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के महानिरीक्षक रतन संजय ने सीमा क्षेत्र रूपईडीहा का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्था का विधिवत जायजा लिया।

आईजी रतन संजय ने सीमा पर पहुंचकर एसएसबी अधिकारियों के साथ बैठक की और वर्तमान स्थिति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने विभिन्न चेक पोस्टों का निरीक्षण करते हुए वहां लगे सीसीटीवी कैमरों, स्कैनर मशीनों तथा अन्य सुरक्षा उपकरणों की कार्यप्रणाली को परखा। उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था के प्रत्येक पहलू की गहन समीक्षा करते हुए सीमा सुरक्षा को और सुदृढ़ बनाने के लिए कड़े निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान आईजी ने स्पष्ट किया कि नेपाल में होने वाले चुनाव के मद्देनजर 2 मार्च की रात 12 बजे से भारत-नेपाल सीमा को पूर्णतः सील कर दिया जाएगा। यह प्रतिबंध चुनाव प्रक्रिया पूरी होने तक प्रभावी रहेगा। उन्होंने बताया कि 5 मार्च की रात 12 बजे चुनाव संपन्न होने के उपरांत सीमा को पुनः आवागमन के लिए खोल दिया जाएगा। इस अवधि के दौरान न तो नेपाल से भारत में प्रवेश की अनुमति होगी और न ही भारत से नेपाल जाने की अनुमति दी जाएगी।आईजी ने सीमा को पूरी तरह बंद रखने के निर्देश देते हुए जवानों को विशेष सतर्कता बरतने को कहा, ताकि किसी भी प्रकार की अवांछित गतिविधि को रोका जा सके।इस अवसर पर एसएसबी 42वीं वाहिनी के कमांडेंट गंगा सिंह उदावत, असिस्टेंट कमांडेंट शिवम कुमार सहित एसएसबी के अन्य अधिकारी एवं जवान उपस्थित रहे।

# नानपारा तहसील क्षेत्र में अवैध अतिक्रमण से मुक्त करायी गई 24 बीघा जमीन

अमन लेखनी समाचार

मिथिलेश जायसवाल

बहराइच। भारत-नेपाल सीमा से सटे 0 से 15 किलोमीटर के संवेदनशील क्षेत्र में सरकारी भूमि एवं नो-मेन्स लैंड पर किए गए अवैध अतिक्रमणों के विरूद्ध जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी के निर्देश पर उप जिलाधिकारी नानपारा मोनालिसा जौहरी के नेतृत्व में राजस्व, पुलिस व एसएसबी द्वारा संयुक्त रूप से की गई कार्रवाई के दौरान अब तक 24 बीघा जमीन को अवैध कब्जे से मुक्त कराया गया है। श्रीमती जौहरी ने बताया कि वर्तमान समय में नो मैन्स लैण्ड पर कोई भी अतिक्रमण नहीं है। तहसील क्षेत्र अन्तर्गत कुल चिन्हित 366 अतिक्रमण के सापेक्ष अब तक 212 मामलों में 1.863 हेक्टेयर भू-भाग जो कि लगभग 24 बीघा सरकारी जमीन पर से अवैध अतिक्रमण को हटवा दिया गया है। उन्होंने बताया कि अवशेष चिन्हित 118 प्रकरणों के सापेक्ष मा. न्यायालयों में वाद प्रचलित होने के कारण कार्रवाई नहीं की गई है। एसडीएम ने बताया कि मा. न्यायालयों के आदेश के उपरान्त अवशेष मामलों में भी नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी। एसडीएम ने बताया कि अवैध अतिक्रमण के विरूद्ध संचालित किये गये अभियान के दौरान चिन्हित स्थलों पर राजस्व अभिलेखों के अनुरूप सीमांकन कराया गया और तत्पश्चात अवैध निर्माण/कब्जे हटाए गए। उन्होंने कहा कि यह अभियान निरन्तर संचालित रहेगा। सरकारी भूमि का सत्यापन कराया जाएगा यदि किसी भी सरकारी संपत्ति पर अवैध कब्जा मिलता है तो सम्बन्धित के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। श्रीमती जौहरी ने बताया कि राजस्व अधिकारियों को निर्देश दिये गये हैं कि एसडीएम ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सार्वजनिक/सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार के अवैध कब्जे के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की जाये।

# सत्ता हथियाने के लिए लगी होड़, लेकिन विकास के नाम पर शून्य मटेरा विधानसभा

- **क्या बहराइच की सबसे हॉट सीट बनने वाली है मटेरा विधान सभा**
- **यहां की जनता का कहना है कि जनता के विकास के लिए कोई नहीं लड़ना चाहता**

अमन लेखनी समाचार

रिसिया, बहराइच। 2027 का चुनाव होने में भले अभी एक वर्ष बाकी हो लेकिन जनपद बहराइच में राजनीतिक सर गर्मियां तेज हो गई है वर्तमान में सपा से विधायक के रूप में चुनी गई। मटेरा विधानसभा से मारिया शाह विपक्ष की होने की वजह से भले ही ज्यादा विकास पर ध्यान नहीं दे पाई हो लेकिन सत्ता पक्ष के हारे हुए प्रत्याशी ने भी क्षेत्र के विकास के लिए कोई दिलचस्पी नहीं ली है। जिससे सत्ता पक्ष और प्रत्याशी के प्रति राजनीतिक गलियारों में विरोधाभास और चचाएं तेज है वही मटेरा विधानसभा से कई अन्य भाजपा के उम्मीदवारों की दावेदारी ने यहां पर राजनीतिक सर गर्मियों को और तेज कर दिया है यहां पर एक पूर्व विधायक की पक्की दावेदारी के साथ ही पिछले चुनाव में पार्टी के टिकट पर चुनाव लड़े और हारे उम्मीदवार भी अपना टिकट पक्का बता कर चर्चा में है। वहीं क्षेत्रीय मतदाताओं का कहना है कि भले ही सत्ता पक्ष का यहां विधायक नहीं है लेकिन सत्ता और शासन से जुड़े लोग चाहते तो मटेरा का विकास बेहतर होता लोग सत्ता हथियाना तो चाहते हैं लेकिन विकास के नाम पर जनता के लिए कुछ भी करना नहीं चाहते हैं। मटेरा विधानसभा में तेजी से बढ़ती जनप्रतिनिधियों की सक्रियता और नए जनप्रतिनिधियों की एंट्री से मटेरा विधानसभा हॉट सीट बनती चली जा रही है जनता के बीच और सार्वजनिक जगह पर लगातार इसकी चर्चा चल रही है बताते चले कि यहां पर मौजूदा समय में विधायक सपा की मारिया शाह है, जिन्होंने पिछले चुनाव में बीजेपी के कैंडिडेट को नजदीकी लड़ाई में हराया था जनता के बीच लगातार चर्चा बनी हुई है कि इस बार मैदान में भारतीय जनता पार्टी का उम्मीदवार कौन होगा भीतर खाने यह भी चर्चा है कि सीट अपना दल के खाते में जा रही है पर चुनाव चाहे जो भी जीते मटेरा विधानसभा के लोग विकास के लिए तरस रहे हैं , मटेरा के पास ना अपना रोडवेज बस स्टैंड है। एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र है जहां पर है मरीजों को मूलभूत सुविधाएं भी नहीं मिल पाती हैं रेलवे द्वारा जो समय सारणी जारी की गई है। उसमें पैसेंजर के अलावा कोई एक्सप्रेस ट्रेन रुकने का प्रावधान नहीं है , यहां की ग्रामीण और कस्बे की जनता में इसको लेकर भारी आक्रोश है पर उनकी आवाज उठाने के लिए कोई जनप्रतिनिधि आगे नहीं आता है हर 5 साल पर चुनाव लड़ने वालों की भीड़ होती है पर जब बात विकास की आती है तब जनता के लिए लड़ने वाला कोई नहीं है, बीच में यहां कस्बा के संभ्रांत व्यक्तियों द्वारा नगर पंचायत की मांग उठाई गई लेकिन किसी भी जनप्रतिनिधि ने उनकी मांगों को लेकर आगे बढ़ने का साहस नहीं दिखाया।

# होली पर्व को लेकर प्रशासन सतर्क, रुपईडीहा में तैयारियों का लिया गया जायजा

अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा। होली पर्व को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। इसी क्रम में तहसीलदार नानपारा शैलेश अवस्थी ने रुपईडीहा स्थित होलिका दहन स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्थल पर साफ-सफाई, लकड़ी की उपलब्धता, सुरक्षा व्यवस्था तथा दहन के निर्धारित समय सहित अन्य आवश्यक तैयारियों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों एवं होली कमेटी के पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आयोजन के दौरान सुरक्षा और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए, जिससे किसी प्रकार की अव्यवस्था न हो। तहसीलदार ने होली कमेटी के अनिल अग्रवाल से व्यवस्थाओं को लेकर विस्तार से चर्चा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



उन्होंने स्पष्ट किया कि त्योहार आपसी सौहार्द और शांति के साथ मनाया जाए, इसके लिए प्रशासन पूरी तरह सजग है। इस अवसर पर रतन अग्रवाल, लेखपाल करुणेश त्रिपाठी, उपनिरीक्षक दीनानाथ सागर सहित अन्य संबंधित अधिकारी व गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# बैसड़ा का बनवासी टोला बनेगी मॉडल कॉलोनी

## अमेठी में अग्निकांड पीड़ितों को मिलेंगे पक्के आवास, डीएम कर रहे मॉनिटरिंग

अमन लेखनी समाचार



अमेठी, तहसील क्षेत्र के बैसड़ा गांव में एक साल पहले आग से तबाह हुए बनवासी टोला को योगी सरकार मॉडल कॉलोनी के रूप में विकसित कर रही है। यहां अग्निपीड़ितों को पक्के आवास के साथ सड़क, नाली, पार्क, गोबर गैस प्लांट, पशु शेड और सोलर लाइट जैसी सुविधाएं मिलेंगी। जिलाधिकारी संजय चौहान स्वयं इस परियोजना की निगरानी कर रहे हैं। पिछले साल 18 मार्च को बैसड़ा गांव के बनवासी टोला में भीषण आग लग गई थी। इस अग्निकांड में 16 घर पूरी तरह जलकर राख हो गए थे, जिससे मकान मालिकों के सामने जीवन-यापन का संकट खड़ा हो गया था। घटना के बाद समाजसेवियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने पीड़ितों को तत्काल सहायता प्रदान की। जिलाधिकारी संजय चौहान ने लगातार गांव का निरीक्षण कर पीड़ितों के लिए एक विस्तृत रोडमैप तैयार किया, जिसके परिणामस्वरूप यह मॉडल कॉलोनी परियोजना शुरू हुई। अग्निकांड में प्रभावित हुए 16 परिवारों को अब सरकार की ओर से स्थायी रूप से बसाया जा रहा है। ये परिवार मुख्य रूप से मजदूरी और दोना-पत्तल बनाने का काम करते हैं। पहले इनके कच्चे आवास सरकारी भूमि पर बने थे। अब इन सभी 16 पीड़ितों को पास की ही एक सरकारी भूमि पर स्थापित किया जा रहा है। प्रत्येक पीड़ित परिवार को 16७50 फीट का एक-एक प्लॉट आवंटित किया गया है। इन प्लॉट्स पर मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत आवासों का निर्माण कार्य शुरू हो गया है। इसके अतिरिक्त, मुख्य सड़क से इंटरलॉकिंग और नाली का निर्माण भी किया जाएगा। कॉलोनी में एक पार्क भी बनाया जाएगा। पास में ही एक गोबर गैस प्लांट और पशु शेड का निर्माण भी प्रस्तावित है, जिससे ग्रामीण अपने पशुओं को सुरक्षित रख सकेंगे।

# होली व नेपाल चुनाव के मद्देनजर नेपाल सीमा पर बढ़ी सतर्कता

## एएसपी व सीओ ने किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रूपईडीहा, बहराइच। आगामी होली पर्व तथा पड़ोसी मित्र राष्ट्र नेपाल में चल रहे संसदीय चुनाव के मद्देनजर भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। इसी क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दुर्गा प्रसाद तिवारी एवं क्षेत्राधिकारी नानपारा पहुप सिंह ने रूपईडीहा पहुंचकर सीमा क्षेत्र का निरीक्षण किया।अधिकारीगण रूपईडीहा थाने पहुंचे और वहां मौजूद पुलिस टीम के साथ भारत-नेपाल सीमा का दौरा कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने सीमा पर तैनात जवानों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सतर्कता बरतने को कहा। पत्रकारों से बातचीत में अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि आगामी होली पर्व तथा पवित्र माह रमजान के दृष्टिगत क्षेत्र का निरीक्षण किया गया है। उन्होंने आमजन से अपील की कि सभी लोग त्यौहारों को प्रेम, सौहार्द और भाईचारे के साथ मनाएं, जिससे होली की खुशियां और बढ़ें। उन्होंने कहा कि त्योहारों को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है।इसी क्रम में तहसीलदार नानपारा शैलेश अवस्थी ने रूपईडीहा स्थित होलिका दहन स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने स्थल पर साफ-सफाई, लकड़ी की उपलब्धता, सुरक्षा व्यवस्था तथा दहन के निर्धारित समय सहित अन्य आवश्यक तैयारियों की जानकारी ली। संबंधित अधिकारियों एवं होली कमेटी के पदाधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि आयोजन के दौरान सुरक्षा एवं स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए, जिससे किसी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न न हो। तहसीलदार ने होली कमेटी के अनिल अग्रवाल से व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि त्योहार आपसी सद्भाव और शांति के साथ मनाया जाए, इसके लिए प्रशासन पूरी तरह सजग एवं प्रतिबद्ध है। निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी रूपईडीहा रमेश सिंह रावत अपनी टीम के साथ मौजूद रहे। साथ ही लेखपाल करुणेश त्रिपाठी एवं अन्य संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

# पनीर विक्रेता पर चाकू से किया हमला

## पुराने पैसों के विवाद में युवक ने वारदात को दिया अंजाम, गंभीर रूप से घायल

अमन लेखनी समाचार



शाहजहांपुर,एक पनीर विक्रेता पर चाकू से हमला किया गया है। पुराने पैसों के लेनदेन को लेकर हुए विवाद में एक युवक ने इस वारदात को अंजाम दिया। हमले में विक्रेता गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। आरोपी मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश पुलिस कर रही है। यह घटना थाना सदर बाजार क्षेत्र के खिरनीबाग स्थित सिटी कार्ट के पास शनिवार देर शाम हुई। मोहल्ला लोधीपुर के निवासी मनोज प्रजापति अपनी पनीर की दुकान लगाते हैं। जानकारी के अनुसार, मनोज किसी दूसरे व्यक्ति से पनीर खरीदकर बेचते थे और उनके बीच पनीर के पैसों को लेकर पुराना विवाद चल रहा थाशनिवार देर शाम मनोज अपनी दुकान पर अकेले थे, तभी आरोपी वहां आया और पैसों की मांग करने लगा। इसी बात पर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया, जो जल्द ही गाली-गलौज और धक्का-मुक्की में बदल गया।विवाद बढ़ने पर आरोपी ने चाकू निकालकर मनोज पर हमला कर दिया। चाकू लगने से मनोज गंभीर रूप से घायल होकर खून से लथपथ जमीन पर गिर पड़े। हमलावर वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो गया।मनोज को लहूलुहान हालत में देखकर स्थानीय लोग मौके पर जमा हो गए और तत्काल पुलिस को सूचना दी। घायल मनोज को ई-रिक्शे से राजकीय मेडिकल कॉलेज भेजा गया, जहां उनका इलाज जारी है। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना के संबंध में पूछताछ की और आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

थाना प्रभारी ब्रजेश सिंह ने बताया कि पैसों के लेनदेन को लेकर विवाद चल रहा था

# डीजे बंद होने पर बाराती-घराती में मारपीट

**4 गंभीर घायल, शादी समारोह में मची भगदड़, 9 के खिलाफ एफआईआर दर्ज**

अमन लेखनी समाचार




प्रतापगढ़ , एक शादी समारोह में डीजे बंद करने को लेकर बाराती और लड़की पक्ष के बीच कहासुनी और मारपीट हो गई। घटना में चार लोग गंभीर रूप से घायल हुए और भगदड़ मच गई। वायरल वीडियो में झड़प की पूरी स्थिति नजर आ रही है। घटना दिलीपपुर थाना क्षेत्र के एक गेस्ट हाउस की है। देहात कोतवाली क्षेत्र के मोहनगंज बाजार निवासी अमित गुप्ता की बारात, दिलीपपुर थाना क्षेत्र के सुरेश गुप्ता के भाई स्वर्गीय कमलेश गुप्ता के यहां आई थी। जलपान और द्वारपूजा के बाद, रात करीब 10:30 बजे डीजे संचालक रामजी मोदनवाल ने पुलिस अधीक्षक और बोर्ड परीक्षा का हवाला देते हुए डीजे बंद कर दिया।इसी बात पर लड़की पक्ष के एक व्यक्ति से कहासुनी हुई, जो जल्दी ही मारपीट में बदल गई। घटना कमलेश गुप्ता की बेटी की विदाई के अगले दिन की बताई जा रही है। वायरल वीडियो एक दिन पुराना बताया जा रहा है।झड़प में भगदड़ और घायलमारपीट के दौरान भगदड़ मच गई। डीजे संचालक रामजी मोदनवाल को भी अराजकतत्वों ने गाली देकर दौड़ाया। घायलों की पहचान लल्लू गुप्ता, शुभम गुप्ता (35), रामजी मोदनवाल (50) और कौशल कुमार (42) के रूप में हुई है। थानाध्यक्ष बलराम सिंह ने बताया कि पुलिस मौके पर गई थी और तहरीर देने के लिए बुलाया गया था। वीडियो के आधार पर बारात में मारपीट और भगदड़ के इस मामले में दो नामजद सात अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

# राजा भैया की बेटी राघवी ने शंकराचार्य का किया समर्थन

## लिखा- सनातन परंपरा को कमजोर करने की साजिश, आज हाईकोर्ट में शंकराचार्य की जमानत पर सुनवाई

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , बाहुबली नेता और कुंडा विधायक राजा भैया की बेटी राघवी कुमारी ने शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद को लेकर चल रहे विवाद पर खुलकर अपनी राय दी है। पूरे मामले को लेकर उन्होंने देर रात एक ट्वीट किया है। उन्होंने इस विवाद को सनातन परंपरा को कमजोर करने की साजिश बताई। राघवी ने कहा- ₹शंकराचार्य का पद किसी व्यक्ति विशेष तक सीमित नहीं होता। यह चार वेदों की जीवित परंपरा का सबसे उच्च आध्यात्मिक स्थान है। शंकराचार्य पर आशुतोष ब्रह्मचारी ने यौन शोषण का आरोप लगाया है। कोर्ट के निर्देश पर पिछले रविवार प्रयागराज में ऋकफ दर्ज की गई। इस मामले में आज इलाहाबाद हाईकोर्ट उनकी अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई होगी। राघवी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा कि शंकराचार्य पद केवल एक मठ या पीठ की प्रतिष्ठा नहीं, बल्कि पूरे सनातन समाज की पहचान है। उन्होंने कहा कि इस पद को विवादों में घसीटने का प्रयास करोड़ों हिंदुओं की आस्था के साथ खिलवाड़ है।

### सरकार और प्रशासन पर उठाया सवाल

माघ मेले के दौरान बढ़े तनाव और शंकराचार्य से पुलिस की पूछताछ पर राघवी ने राज्य सरकार और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए। उन्होंने लिखा- राज्य की जिम्मेदारी केवल कानून-व्यवस्था बनाए रखने तक सीमित नहीं होती, बल्कि धार्मिक भावनाओं का सम्मान करना और सामाजिक संतुलन बनाना भी सरकार का कर्तव्य है।

### सनातन परंपरा को बदनाम करने की कोशिश

राघवी ने आगे लिखा- सदियों से वेदों की ज्योति जलाने वाली इस महान परंपरा को बदनाम करने की हर कोशिश असफल रही है और आगे भी होगी। उन्होंने कहा- आस्था पर आघात स्वीकार नहीं किया जा सकता और अंततः सत्य की ही विजय होगी। राघवी ने आगे लिखा- शंकराचार्य पर लगाए गए तथाकथित आरोप केवल एक व्यक्ति को निशाना बनाने का प्रयास नहीं, बल्कि उस सनातन आध्यात्मिक परंपरा को कमजोर करने की कोशिश हैं जिसकी नींव आदि शंकराचार्य ने रखी थी। सदियों से वेदों की ज्योति जलाने वाली इस परंपरा को बदनाम करने की हर कोशिश पहले भी असफल हुई है

## संक्षेप

### गुफा मंदिर मेले की तैयारियां

**अधिकारियों ने सुरक्षा और यातायात व्यवस्था का निरीक्षण किया**

बागपत , आगामी गुफा मंदिर मेले की तैयारियों को लेकर प्रशासन सतर्क है। इसी क्रम में उपजिलाधिकारी बागपत, क्षेत्राधिकारी नगर, यातायात निरीक्षक और थाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ने संयुक्त रूप से मेले स्थल का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मेले स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, बैरिकेडिंग, पार्किंग व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की निगरानी और भीड़ नियंत्रण से संबंधित तैयारियों का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने संबंधित विभागों के कर्मचारियों से व्यवस्थाओं की जानकारी ली और आवश्यक सुधार के निर्देश दिए। उपजिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि मेले में आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा सर्वोपरि रहनी चाहिए। किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए। क्षेत्राधिकारी नगर ने सुरक्षा व्यवस्था पर जोर देते हुए कहा कि संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल और सादी वर्दी में पुलिसकर्मी तैनात रहेंगे। यातायात निरीक्षक ने मेले के दौरान शहर में जाम की स्थिति से बचने के लिए वैकल्पिक मार्गों की रूपरेखा तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने पार्किंग स्थलों को चिन्हित कर सुव्यवस्थित ढंग से संचालित करने पर भी जोर दियाप्रभारी निरीक्षक ने सीसीटीवी कैमरों की नियमित निगरानी और लाउडस्पीकर के माध्यम से भीड़ नियंत्रण की व्यवस्था सुदृढ़ रखने पर बल दिया। अधिकारियों ने सभी विभागों को समय पर तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए, ताकि मेला सकुशल और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सके।

### साध्वी प्राची का सरकारी गनर हटाया गया

**बागपत में बोलीं- इस कार्रवाई की उन्हें कोई सूचना नहीं दी गई**

बागपत ,हिंदूवादी नेता साध्वी प्राची का सरकारी गनर हटा दिया गया है। इस फैसले से नाराज साध्वी प्राची एसपी कार्यालय पहुंचकर कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। साध्वी प्राची ने कहा कि उन्हें बिना किसी पूर्व सूचना या नोटिस के गनर हटाए जाने की जानकारी मिली। उनका कहना है कि उन्हें पहले कई बार जान से मारने की धमकियां मिल चुकी हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि वे धर्म और संगठन से जुड़ा कार्य करती हैं। इसलिए भुगतान आधारित (पेड) गनर स्वीकार नहीं करेंगी।उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस लाइन से एक अधिकारी का फोन आया और उनके गनर को तत्काल वापस बुला लिया गया। गनर को कहा गया कि यदि वह तुरंत वापस नहीं आता है तो उसकी नौकरी पर खतरा हो सकता है। साध्वी प्राची के अनुसार, इस पूरी कार्रवाई की उन्हें कोई पूर्व सूचना नहीं दी गई। सुरक्षा बहाल करने की मांग साध्वी प्राची ने बागपत के एएसपी से मुलाकात कर अपनी आपत्ति दर्ज कराई और सुरक्षा बहाल करने की मांग की।

### बेटे ने अधिवक्ता पिता पर तेजाब फेंका

**बाल-बाल बचे, संपत्ति विवाद का मामला**

मेरठ , सदर बाजार थाना क्षेत्र में पारिवारिक संपत्ति विवाद ने गंभीर रूप ले लिया। वेस्टर्न रोड निवासी वरिष्ठ अधिवक्ता सदाकत हुसैन पर उनके ही बेटे फसाहत हुसैन ने कथित तौर पर तेजाब फेंक दिया। गनीमत रही कि अधिवक्ता इस हमले में बाल-बाल बच गए, हालांकि घर के बाहर लगे पौधे तेजाब से झुलस गए

# 4132 जगहों पर होलिका दहन

## 114 संवेदनशील स्पॉट की लाइव निगरानी, क्यूआरटी तैनात, सोशल मीडिया पर मॉनिटरिंग

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज, होली पर प्रयागराज में सुरक्षा को लेकर इस बार बेहद सख्त और बहुस्तरीय प्लान तैयार किया गया है। जिले में कुल 4132 स्थानों पर होलिका दहन होगा। इनमें से 114 स्थानों को संवेदनशील घोषित किया गया है। इन जगहों को संवेदनशील घोषित करने का आधार पूर्व में होली के दौरान हुई घटनाएं और विवाद रहे हैं। जहां पहले माहौल बिगड़ने की स्थिति बनी थी, वहां इस बार अतिरिक्त सतर्कता बरती जाएगी। अफसरों के मुताबिक प्रत्येक होलिका दहन स्थल पर एक सब इंस्पेक्टर और दो कांस्टेबल की ड्यूटी लगाई गई है। सभी थाना प्रभारियों को साफ आदेश दिए गए हैं कि अपने-अपने क्षेत्र के सभी स्थलों पर पिकेट ड्यूटी सुनिश्चित करें। पिकेट पर तैनात पुलिसकर्मी लगातार निगरानी रखें, आयोजन समितियों के संपर्क में रहें और किसी भी छोटी सूचना को नजरअंदाज न करें।

### शहर, ग्रामीण क्षेत्र के ये इलाके हाई अलर्ट पर

शहर क्षेत्र में जॉर्जटाउन, खुल्दाबाद, लकड़मंडी, कोतवाली और मुट्ठीगंज को संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है। इसके अलावा नवाबगंज, मऊआइमा, मांडा और करेली जैसे इलाके भी विशेष निगरानी में हैं। इन इलाकों में स्थानीय पुलिस के साथ अतिरिक्त बल तैनात रहेगा। जरूरत पड़ने पर रिजर्व फोर्स को भी तत्काल लगाया जाएगा।

### क्विक रिएक्शन टीम तैयार, तुरंत एक्शन का आदेश

किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए संवेदनशील स्थलों वाले थानों में क्विक रिएक्शन टीम तैनात की गई है। हर दफ्ळ में दो सब इंस्पेक्टर और पांच कांस्टेबल शामिल किए गए हैं।

इन टीमों को निर्देश दिया गया है कि सूचना मिलते ही तुरंत मौके पर पहुंचें और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक कदम उठाएं। साथ ही फायर ब्रिगेड को भी अलर्ट मोड पर रखा गया है, ताकि आगजनी या अन्य हादसों में तत्काल कार्रवाई हो सके। पूरे शहर में लगे करीब 1146 सर्विलांस कैमरों की लाइव फीड 2 मार्च की शाम से इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर से मॉनिटर की जाएगी। यहां से 24 घंटे नजर रखी जाएगी। इसके लिए शिफ्टवार ड्यूटी लगाई गई है और एक एसीपी स्तर के अधिकारी को नोडल बनाया गया है। किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत फील्ड फोर्स को अलर्ट किया जाएगा सोशल मीडिया पर भी सख्ती, तीनों जोन की सेल सक्रियत्योहार के दौरान माहौल खराब करने की कोशिश अब सिर्फ सड़कों पर ही नहीं, बल्कि सोशल मीडिया के जरिए भी की जाती है।

इसे देखते हुए प्रयागराज कमिश्नरेट पुलिस के साथ-साथ तीनों जोन की सोशल मीडिया सेल को अलग-अलग प्लेटफॉर्म की निगरानी की जिम्मेदारी दी गई है।

# कौंधियारा में अंबेडकर की मूर्ति गायब

## सूचना पर 100 से अधिक ग्रामीण जुटे, 7 दिन पहले ही लगवाई गई थी

अमन लेखनी समाचार



प्रयागराज , कौंधियारा थाना क्षेत्र अंतर्गत उमरी गांव में स्थापित भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की मूर्ति रविवार सुबह अचानक गायब हो जाने से गांव में तनाव और आक्रोश का माहौल व्याप्त हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौके पर एकत्रित हो गए और प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई की मांग करने लगे। ग्रामीणों के अनुसार, बीते 22 फरवरी को उमरी गांव में वन नेशन वन एजुकेशन परिवार के तत्वावधान में डॉ. अंबेडकर की यूनानी फाइबर से बनी प्रतिमा स्थापित की गई थी। मूर्ति की कीमत लगभग 35 हजार रुपये बताई जा रही है। स्थापना के समय गांव में उत्साह का माहौल था और लोगों ने इसे सामाजिक समरसता एवं शिक्षा जागरूकता का प्रतीक बताया था। किंतु स्थापना के महज एक सप्ताह बाद दूसरे ही रविवार को प्रतिमा का इस प्रकार गायब हो जाना ग्रामीणों को आक्रोशित कर गया। वन नेशन वन एजुकेशन परिवार के संस्थापक अजय मोहन कुशवाहा ने आरोप लगाया कि अराजक तत्वों द्वारा जानबूझकर मूर्ति हटाई गई है। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन समय रहते दोषियों की गिरफ्तारी कर पुनः प्रतिमा स्थापित नहीं कराता है तो ग्रामीणों के साथ शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि यह केवल एक मूर्ति का मामला नहीं, बल्कि समाज की भावनाओं से जुड़ा विषय है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस प्रशासन हरकत में आ गया। सहायक पुलिस आयुक्त कौंधियारा अब्दुस सलाम खान ने बताया कि ग्रामीणों से सूचना प्राप्त होने के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी गई है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है तथा संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की जा रही है।

उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही मामले का खुलासा कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पहले बेटे को मारा, फिर बॉयफ्रेंड का कत्ल किया

**मेरठ में पत्नी बोली- पति शराब पीकर बहुत पीटता था; छूटा तो मुझे मार डालेगा**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , बीच बाजार एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। बाइक से आए हमलावर प्रदीप ने उसे 3 गोलियां मारीं। पहली- पीछे से कमर पर मारी। दूसरी- कनपटी पर सटाकर मारी गई, युवक का भेजा तक उड़ गया। तीसरी- फिर कमर पर मारी। इसके बाद भी प्रदीप का गुस्सा शांत नहीं हुआ, वो चिल्लाया- है कोई माई का लाल जो इसे बचा ले। पुलिस की जांच में सामने आया कि युवक का प्रदीप की पत्नी से अफेयर था। वह उसे भगा लाया था। गुस्साए प्रदीप ने प्रेमी सुरेंद्र उर्फ सुनील की हत्या कर दी। वह कहती हैं- उसने (पति) मेरी जिंदगी बर्बाद कर दी। 2 बेटियां हुईं, मुझे ताने देता था। दिन-रात पिटाई करता। परेशान होकर मैंने सुनील (सुरेंद्र) का हाथ थामा। मेरे बेटा हुआ। 6 महीने पहले प्रदीप ने मेरे बेटे को मार डाला। अब मेरे पति सुनील को मार दिया। अब वो मुझे भी नहीं छोड़ेगा। पुलिस प्रदीप को अरेस्ट कर चुकी है। उसने अपना कबूलनामा भी दे दिया है। इसके बावजूद पूनम खौफ में हैं। क्योंकि हत्या के बाद प्रदीप ने जो श्कऊएड जारी किया है, उसमें उसने पूनम को मारने की बात भी कही है। पढ़िए पूरी रिपोर्टङ्क 8 साल पहले शादी, 2 बेटियां होने पर ताने देता था इस हत्या की कहानी मेरठ के बहसूमा इलाके के रामराज से शुरू होती है।

### संयुक्त जनादेश पार्टी के जिला अध्यक्ष चुने गए सुधांशु उत्तम

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। संयुक्त जनादेश पार्टी (सहयोगी दल भारतीय जनता पार्टी) ने फतेहपुर की सियासत में बड़ा दांव चलते हुए संगठन की कमान युवा चेहरे को सौंप दी है।पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बब्लू श्रीवास्तव ने सुधांशु उत्तम (पुत्र राधेश्याम उत्तम) को फतेहपुर जनपद का जिलाध्यक्ष नियुक्त कर दिया है।जारी नियुक्ति पत्र के अनुसार यह जिम्मेदारी तत्काल प्रभाव से लागू कर दी गई है।संगठन में इस फैसले के बाद राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है,वहीं कार्यकताओं में नया जोश देखने को मिल रहा है।पार्टी सूत्रों का कहना है कि सुधांशु उत्तम लंबे समय से संगठन में सक्रिय रहे हैं और जमीनी पकड़ के चलते उन्हें यह अहम जिम्मेदारी सौंपी गई है। माना जा रहा है कि उनके नेतृत्व में जनपद में संगठन विस्तार को नई रफ्तार मिल सकती हैनियुक्ति की खबर फैलते ही समर्थकों और कार्यकताओं ने उन्हें बधाइयों से सराबोर कर दिया।अब सबकी नजर इस बात पर है कि नए जिलाध्यक्ष संगठन को कितनी तेजी से मजबूती दे पाते हैं। सूत्र बताते हैं कि जल्द ही जिलाध्यक्ष बनने के बाद वे जनपद स्तर पर व्यापक संगठन विस्तार अभियान शुरू कर सकते हैं।

# बुजुर्ग मजदूर ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बीमारी से हारा मजदूर जीवन की जंग में हुआ परास्त**

अमन लेखनी समाचार

समरजीत सोनकर

अमौली, फतेहपुर। सरकार की स्वास्थ्य व्यवस्थाएं भले ही कागजों पर दुरस्त चल रही हो परंतु आम जनमानस पर इसका प्रभाव शून्य स्तर पर स्पष्ट दिखाई दे रहा है ताजा मामला जनपद के चांदपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव चकलाला का दिखाई दिया जहां गरीबी का सामना करते हुए बीमारी से तंग होकर बुजुर्ग मजदूर ने फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली मिली जानकारी के अनुसार 60 वर्षीय बुजुर्ग प्रेम कुमार पुत्र लक्ष्मण प्रसाद संखवार गुर्दे फेफड़े की गंभीर बीमारी से काफी दिनों से गुजर रहा था जिसके लिए अपनी पूरी पूंजी पशु आदि बेचकर इलाज करा डाला परंतु राहत नहीं मिली विगत दिवस शनिवार परिवार में एक मुंडन कार्यक्रम के चलते सभी परिजनों को वहीं भेज दिया घर में मजदूर 60 वर्षीय बुजुर्ग प्रेम कुमार पुत्र लक्ष्मण नारायण संखवार अपनी पत्नी शांति देवी तथा एक बेटी के साथ रहता था वहीं परिवार में समारोह होने के कारण बड़ा बेटा रजनीश जो अपने अन्य दो भाई गोलू तथा रवि के साथ दूसरे प्रदेश में मजदूरी करता था वह गांव आया था बुजुर्ग ने तीनों को पारिवारिक के घर भेज दिया तथा पास में एक शीशम के पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली यह घटना शनिवार शाम लगभग 8:00 बजे की बताई जा रही है जहां जानकारी मिलते ही बड़े पुत्र रजनीश ने स्थानीय पुलिस प्रशासन को सूचना दी मौके पर पहुंची पुलिस प्रशासन ने शव का पंचनामा करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेजा इस आकस्मिक घटना से संपूर्ण परिवार में शोक की लहर दौड़ गई वहीं पत्नी समेत अविवाहित बेटी तथा बच्चों का रो-रो कर बुरा हाल था

# बाजारों में स्किन-फ्रेंडली और बैक्टीरिया-फ्री गुलाल की बढ़ी डिमांड

**गुलाल बम और सिलेंडर बने युवाओं की पहली पसंद, लड्डू गोपाल के लिए छोटी पिचकारी का भी है ट्रेंड**

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , शहर के बाजारों में होली की रौनक अब साफ दिखाई देने लगी है। दुकानदारों ने त्योहार को लेकर अपनी तैयारियां पूरी कर ली हैं और इस बार ग्राहकों के लिए कई नए और आकर्षक आइटम बाजार में उतारे गए हैं। दुकानदारों के अनुसार, पारंपरिक रंगों के साथ-साथ इस बार अलग-अलग डिजाइन और आकार की नई पिचकारियां ग्राहकों को खूब लुभा रही हैं। शॉवर पिचकारी, छोटे पैक में गुलाल और विभिन्न पैकिंग में रंगों की विस्तृत रेंज उपलब्ध है। इस बार गुलाल बम, गुलाल सिलेंडर और गुलाल गन खास ट्रेंड में हैं। बताया जा रहा है कि इस तरह के आइटम मथुरा-वृंदावन के मंदिरों की होली में इस्तेमाल किए जाते हैं, जिससे युवाओं में इनकी खास डिमांड देखी जा रही है। बाजार में एक नया धार्मिक ट्रेंड भी नजर आ रहा है। बड़ी संख्या में लोग अपने ठाकुर जी और लड्डू गोपाल के लिए छोटी पिचकारी और बाल्टी खरीदने पहुंच रहे हैं। दुकानदारों का कहना है कि लड्डू गोपाल की पिचकारी की विशेष मांग है। जो श्रद्धालु मथुरा-वृंदावन नहीं जा पाते, वे यहीं से अपने आराध्य के लिए होली का सामान खरीद रहे हैं। खरीदारी को लेकर लोगों में खासा उत्साह है। दुकानों पर ग्राहकों की आवाजाही शुरू हो चुकी है। केमिकल युक्त रंगों से त्वचा और बालों को होने वाले नुकसान को देखते हुए

# 'यह सड़क मुसलमानों के लिए नहीं'

**सहारनपुर में दो लड़कियों ने लिखा; हिंदू रक्षा दल बोला- टैक्स नहीं देते तो चलेंगे क्यों**

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद , सहारनपुर में दिल्ली-देहरादून नेशनल हाईवे पर 'यह सड़क मुसलमानों के लिए नहीं है' लिखने का मामला सामना आया है। हिंदी और अंग्रेजी भाषा में भड़काऊ बातें हिंदू रक्षा दल की महिला कार्यकताओं ने लिखीं। घटना का 59 सेकेंड का एक वीडियो भी सामने आया है। वीडियो में दो लड़कियां हाईवे किनारे रेलिंग पर स्प्रे से लिखती नजर आ रही हैं। एक युवक घटना का वीडियो बनाता दिख रहा है। हुई घटना बिहारीगढ़ थाना क्षेत्र के डाट मंदिर के पास की बताई जा रही है। वीडियो सामने आने के बाद सहारनपुर पुलिस अलर्ट हो गई है। कहा- मामले की जांच की जा रही है। वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान कराई जा रही है। उधर, हिंदू रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष पिंकी चौधरी ने मामले की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि यह उनकी महिला कार्यकताओं ने लिखा है। जब मुसलमान सड़क पर चलने का टैक्स नहीं देते, तो वे सड़क पर क्यों चलते हैं सोशल मीडिया पर 59 सेकेंड का एक वीडियो पोस्ट किया गया। इसमें दो युवतियां स्प्रे पेंट से रेलिंग पर लिखती नजर आ रही हैं। गले में भगवा गमछा डाले युवतियां गुरुवार देर शाम नेशनल हाईवे-72अ (एलिवेटेड रोड) पर पहुंचती हैं। सीमेंटेड ब्लॉक और शेड पर लिखना शुरू कर देती हैं। घटना बिहारीगढ़ थानाक्षेत्र में सहारनपुर बॉर्डर के मोहण्ड के पास बने एलिवेटेड रोड की बताई जा रही है। वीडियो के आखिर में लाल रंग की स्विफ्ट कार दिख रही है। गाड़ी पर उत्तराखंड की नंबर प्लेट है।

हिंदू रक्षा दल का विवादों से पुराना नात गाजियाबाद में बांटी थीं तलवारें29 सितंबर, 2025 को 21 सेकेंड का एक वीडियो सामने आया था। यह गाजियाबाद के शालीमार गार्डन एरिया का था। इसमें दिख रहे लोगों के हाथ में तलवारें और फरसे थे। भारत माता की जय का नारा लगाते हुए सभी एक घर के सामने रुकते हैं। घर से बाहर निकले शख्स को तलवार थमाते हैं। उनसे कहते हैं- ये आपकी बहन-बेटियों की सुरक्षा के लिए। अगर बांग्लादेश जैसी स्थिति पैदा होती है, तो विधर्मियों से अपनी सुरक्षा के लिए। शख्स तलवार लेता है, माथे से लगाता है। फिर सभी नारा लगाते हैं- जय श्री राम। तलवार बांटने वाले हिंदू रक्षा दल के सदस्य थे। 6 जनवरी को पुलिस ने इस संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष भूपेंद्र उर्फ पिंकी चौधरी को बेटे के साथ अरेस्ट कर लिया था।

# मुचलके से परेशान हिंदुओं ने लगाए पलायन के पोस्टर

## मेरठ में होलिका दहन को लेकर 3 साल पहले हुआ था विवाद

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , ब्रह्मपुरी क्षेत्र के मोहल्ला हरिनगर और पूर्वा इलाही बख्श में होली से पहले पुलिस कार्रवाई को लेकर विवाद खड़ा हो गया है। एसीएम ब्रह्मपुरी की ओर से दोनों समुदायों के दर्जनों लोगों के खिलाफ पाबंद मुचलके के नोटिस जारी किए गए हैं। इसके विरोध में हरिनगर के कुछ लोगों ने होली के बहिष्कार का ऐलान कर दिया और प्रशासन के खिलाफ बैनर लगाकर प्रदर्शन किया। मामले की जानकारी मिलने पर अखिल भारतीय हिंदू सुरक्षा संगठन के अध्यक्ष सचिन सिरोही कार्यकताओं के साथ हरिनगर पहुंचे। उन्होंने एसीएम से नोटिस वापस लेने की मांग करते हुए चेतावनी दी कि यदि निरोधात्मक कार्रवाई नहीं रोकी गई तो आंदोलन किया जाएगा।

2023 में होलिका दहन को लेकर हुआ था विवादवर्ष 2023 में होलिका रखने को लेकर हरिनगर और पूर्वा इलाही बख्श के लोगों के बीच विवाद हो गया था। उस दौरान दोनों पक्षों में पथराव हुआ था और पुलिस ने दोनों तरफ से मिली तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया था।पुलिस का कहना है कि हर साल होली से पहले एहतियातन शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए दोनों पक्षों के चिन्हित लोगों के खिलाफ निरोधात्मक कार्रवाई की जाती है। इसी क्रम में इस वर्ष भी 50 लोगों को नोटिस जारी किए गए हैं। बैनर लगाकर जताया विरोध नोटिस मिलने के बाद हरिनगर में कुछ लोगों ने प्रशासन और पुलिस पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए बैनर लगाए। प्रदर्शन के दौरान होली के बहिष्कार की घोषणा भी की गई। देर शाम क्षेत्राधिकारी ब्रह्मपुरी मौके पर पहुंचीं और लोगों से शांतिपूर्वक त्योहार मनाने की अपील की एसपी सिटी आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि पूर्व में हुए विवाद और सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए निरोधात्मक कार्रवाई की गई है। यदि कोई भी व्यक्ति शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास करेगा तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बिक चुके हैं मकानसचिन सिरोहीअखिल भारतीय हिंदू सुरक्षा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सचिन सिरोही ने बताया कि 3 साल पहले जब यहां दंगा हुआ था तभी के बाद से हिंदुओं के बहुत से परिवार यहां से पलायन कर कर भी जा चुके हैं। अगर इस प्रकार से क्योंकि उसे दौरान पीड़ित पक्ष हिंदू था अगर हिंदुओं के भी पीड़ित होने के बाद मचल के पाबंद होंगे तो वह यहां कैसे रह पाएंगे इसके साथ-साथ 7030 के अनुपात में यहां हिंदू मुस्लिम है हिंदुओं के धार्मिक स्थल पर क्षेत्र में कोई लाउडस्पीकर भी नहीं है।

# महिला का मोबाइल हैक कर 3.72 लाख निकाले

**पांच दिन तक ठगों ने खरीदारी की, ओटीपी तक नहीं आया**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा , फेज वन थाना क्षेत्र के सेक्टर 15 में रहने वाली महिला का मोबाइल हैक कर साइबर ठगों ने क्रेडिट कार्ड से 3.72 लाख रुपये उड़ा लिए। मोबाइल पर क्रेडिट कार्ड का बिल आने पर महिला को ठगी का पता चला। पीड़िता ने फेज वन थाने में ठगी का मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ट्रांजेक्शन के आधार पर मामले में जांच कर रही है। पांच दिन में की खरीदारीनोएडा सेक्टर 15 में रहने वालीं रुचिका बक्शी प्राइवेट कंपनी कार्यालय में काम करती है। उन्होंने दिसंबर 2025 में आईसीआईसीआई बैंक का क्रेडिट कार्ड बनवाया था, लेकिन वह इसको लगातार इस्तेमाल नहीं कर रही थीं। नौ फरवरी को मोबाइल पर आए बिल से पता चला कि 10 जनवरी से 14 फरवरी तक 3.72 लाख रुपये की खरीदारी की गई है।क्रेडिट कार्ड ऐप भी डिलीट मोबाइल से क्रेडिट कार्ड की एप भी डिलीट कर दी गई है, जबकि रूचिका ने कोई भी खरीदारी नहीं की थी और न ही ओटीपी किसी अनजान से साझा किया।

# 90 करोड़ से बिजली लाइन हो रही भूमिगत

**सेक्टर-15ए में 50 प्रतिशत काम पूरा, सेक्टर-47 में होगा शुरू, गर्मी तक आपरेट होंगे 6 सब स्टेशन**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा , बिजली के लो टेंशन लाइन को भूमिगत किया जा रहा है। सेक्टर-15ए में करीब 50 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। अब सेक्टर-47 में तारों को भूमिगत करने का काम किया जाएगा। इन दोनों सेक्टरों में करीब 90 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे है। पहले ये प्रोजेक्ट करीब 200 करोड़ का था। प्राधिकरण ने बिजली विभाग भूमिगत प्लान को अलग कर लिया है। इसलिए बजट में कमी की गई। इन दोनों सेक्टरों में लाइन भूमिगत होने के बाद इसको टेस्ट किया जाएगा। यदि ये प्रोजेक्ट सक्सेस होता तो नोएडा के सभी नए और पुराने सेक्टर के अंदर लाइनों को भूमिगत किया जाएगा। नए सेक्टरों में तारों के लिए डक्ट भी बनाए जा सकते है। भूमिगत होने से फाल्ट में कमी आएगी। प्राधिकरण ने बताया कि हम सिर्फ लो टेंशन लाइन जो सेक्टर के अंदर है उनको ही भूमिगत करेंगे।बिजली चोरी रोकने में मिलेगी मददनिर्बाध आपूर्ति व्यवस्था को बेहतर करने में विद्युत निगम को बिजली चोरी रोकने में भी मदद मिलेगी। हालांकि एरियल बंच कंडक्टर एबीसी को पंक्चर कर बिजली चोरी मुश्किल है, लेकिन बिजली आपूर्ति की लाइन के भूमिगत होने के बाद बिजली चोरी पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी। सीएफएल की कमी को करना होगा दूर भूमिगत लाइन होने के साथ केबल फाल्ट लोकेटर (सीएफएल) की संख्या में बढ़ोतरी करनी होगी। जिनके माध्यम से कहीं भी भूमिगत केबल में फाल्ट को ढूंढा जाता है। अभी विभाग के पास इनकी संख्या दो है।

# पॉश सेक्टर के ट्रांसफार्मर में लगी आग

**दो लोग झुलसे, एक की हालत गंभीर, दमकल ने 20 मिनट में आग पर पाया काबू**

अमन लेखनी समाचार



नोएडा , सेक्टर-18 में एक ट्रांसफार्मर में आग लग गई। आग लगने के कुछ सेकेंड बाद उसमें हल्का विस्फोट हुआ। इसकी चपेट में दो लोग आ गए। दोनों लोग झुलस गए। प्राथमिक इलाज के लिए दोनों को जिला अस्पताल भेजा गया है। वहां उनका इलाज किया जा रहा है। एक की हालत गंभीर बताई जा रही है। नोएडा का सेक्टर-18 व्यवसायिक केंद्र है। यहां मल्टीलेवल कार पार्किंग के पास नोएडा प्राधिकरण के ग्रीन बेल्ट में ट्रांसफार्मर लगा है। शाम को पहले उसमे अचानक आग लगी। इसके बाद तेज आवाज के साथ ब्लास्ट हो गया। इसी ट्रांसफार्मर के पास फुटपाथ पर कुछ लोग खड़े थे। ट्रांसफर का तेल उन पर आकर गिरा। जिससे उनके कपड़े जल गए। साथ ही हाथ पैर और मुंह झुलस गया। आनन फानन में दमकल विभाग और पुलिस को जानकारी दी गई। मौके पर पहुंची दमकल की एक गाड़ी ने आग को बुझाया। लाइन सप्लाई को बंद किया गया। मौके पर शांती व्यवस्था कायम है। घायलों का इलाज किया जा रहा है।

# सोनभद्र बार एसोसिएशन का 7 मार्च को होगा शपथग्रहण समारोह : अशोक प्रसाद श्रीवास्तव

**–वकीलों का प्रतिनिधि मंडल प्रयागराज में मुख्य अतिथि व वाराणसी में विशिष्ट अतिथिगण से मिलकर आमंत्रण पत्र दिया।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। सोनभद्र बार एसोसिएशन का 7 मार्च 2026 को होने वाले शपथ ग्रहण समारोह के लिए मुख्य अतिथि बनाने के लिए प्रयागराज जाकर न्यायमूर्ति जय प्रकाश तिवारी उच्च न्यायालय इलाहाबाद से एवं विशिष्ट अतिथि हेतु श्रीनाथ त्रिपाठी एड.(सदस्य बार कौंसिल ऑफ इंडिया) एवं बिनोद कुमार पाण्डेय एड.(सदस्य बार कौंसिल ऑफ यू.पी.) से वाराणसी में मुलाकात की और आमंत्रण पत्र दिया, जिसे सभी अतिथियों ने स्वीकार कर लिया। प्रतिनिधि मंडल में सोनभद्र बार एसोसिएशन के अध्यक्ष अशोक प्रसाद श्रीवास्तव एड.,पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र कुमार पाठक एड, पूर्व अध्यक्ष चंद्र प्रकाश द्विवेदी एड.निवर्तमान महामंत्री अखिलेश पाण्डेय एड. व कोषाध्यक्ष वंशीधर पांडेय एड शामिल रहे।

# लोखंडवाला अंधेरी में होली स्नेह सम्मेलन सम्पन्न



अमन लेखनी समाचार

अंधेरी ,समर्थनगर लोखंडवाला कॉम्प्लेक्स रेजीडेंट्स एसोसिएशन ' अंधेरी पश्चिम के तत्वाधान में लोखंडवाला स्थिति गार्डेन नंबर -2 में भव्य होली स्नेह सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें अजय माहेश्वरी के संयोजन में एक हास्य कवि सम्मेलन का भी शामिल किया गया। हास्य सम्राट सुरेश मिश्र के अद्भुत संचालन में अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कानपुर के कवि हेमंत पांडेय, हास्यावतार आशकरण अटल, आगरा से पधारे रमेश मुस्कान, लाफ्टर चैंपियन फेम सुनील सावरा, अभिनेत्री व शायरा लता हया ने श्रोताओं को लोटपोट कर दिया। श्रोताओं में भारी संख्या में वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति रही। संस्था की अध्यक्षा इंद्राणी राय,जनरल सेक्रेटरी श्रीमती ग्लेडिस श्रेयान, कोषाध्यक्ष अजय गुप्ता, नंदू खानविलकर ने आगंतुक मेहमानों और कवियों का शॉल और पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। स्वागत समारोह का संचालन और आभार अजय माहेश्वरी ने अनूठे अंदाज में किया।

# राशन के लिए दर-दर भटक रहे गरीब, बरहमोरी में फूटा जनाक्रोश

**होली से पहले भी नहीं मिला फरवरी का राशन, ग्रामीणों का प्रदर्शन – कोटेदार पर कार्रवाई की मांग**

अमन लेखनी समाचार

कोन (सोनभद्र)। विकासखंड कोन अंतर्गत ग्राम पंचायत बरहमोरी में सार्वजनिक वितरण प्रणाली की बदहाल व्यवस्था के खिलाफ ग्रामीणों का गुस्सा सड़कों पर उतर आया। महीनों से समय पर राशन न मिलने से परेशान ग्रामीणों ने जोरदार प्रदर्शन कर प्रशासन के खिलाफ नाराजगी जताई और कोटेदार पर तत्काल कार्रवाई की मांग उठाई। ग्रामीणों का आरोप है कि सरकारी नियमों के अनुसार निर्धारित तिथि पर राशन वितरण नहीं किया जा रहा है। गरीब, मजदूर एवं जरूरतमंद परिवारों को बार-बार कोटेदार की दुकान के चक्कर लगाने पड़ रहे हैं, लेकिन हर बार उन्हें राशन खत्म होने या वितरण न होने का हवाला देकर लौटा दिया जाता है। इससे क्षेत्र के दर्जनों परिवारों के सामने भोजन का संकट खड़ा हो गया है। सबसे गंभीर बात यह बताई जा रही है कि फरवरी माह का राशन भी होली जैसे प्रमुख त्योहार से पहले वितरित नहीं किया गया। पहाड़ी और दूरस्थ क्षेत्र होने के कारण यहां के लोगों की आजीविका पहले ही सीमित है, ऐसे में सरकारी राशन ही गरीब परिवारों का मुख्य सहारा है। राशन न मिलने से कई घरों में चूल्हा जलाना तक मुश्किल हो गया है। महिलाओं और बुजुर्गों ने बताया कि उन्हें कई-कई बार दुकान पर जाना पड़ता है, जिससे समय और मजदूरी दोनों का नुकसान हो रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि सरकारी योजनाओं का लाभ कागजों में तो दिखाया जा रहा है, लेकिन जमीनी हकीकत बिल्कुल अलग है। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने आरोप लगाया कि इस संबंध में कई बार अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। ग्रामीणों ने कहा कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो क्षेत्र के अन्य गांवों को साथ लेकर बड़ा जनआंदोलन शुरू किया जाएगा। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी कोटेदार के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए तथा नियमित और पारदर्शी तरीके से राशन वितरण सुनिश्चित कराया जाए, ताकि गरीबों को उनके अधिकार से वंचित न होना पड़े। प्रदर्शन में विनय कुशवाहा, कन्हैयालाल, राघवेन्द्र, जितेंद्र कुमार, दिनेश कुमार, श्रवण कुमार, रामभोग, रजवंती, मालती, सिरपतिया, फूल कुमारी, सोमरी देवी, फूल पतिया सहित दर्जनों महिलाएं एवं बुजुर्ग शामिल रहे।

# अनियंत्रित बोलेरो का कहर: राहगीर समेत चार मवेशी चपेट में, युवक गंभीर हालत में रेफर



अमन लेखनी समाचार

बीजपुर (सोनभद्र) स्थानीय थाना क्षेत्र के शांति नगर में रविवार सुबह तेज रफ्तार और अनियंत्रित बोलेरो ने जमकर कहर बरपाया। वाहन की टक्कर से एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि चार मवेशी उसकी चपेट में आ गए। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार सिरसोती निवासी एक युवक बोलेरो वाहन से पुनर्वास की ओर जा रहा था। इसी दौरान शांति नगर स्थित बैढ़न बाईपास रोड पर वाहन अनियंत्रित हो गया और सड़क किनारे जा रहे कन्हैयालाल पुत्र अशोक पाल, निवासी शांति नगर को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही कन्हैयालाल सड़क पर गिरकर घायल हो गए। बताया जा रहा है कि हादसे के बाद चालक वाहन लेकर भागने की कोशिश में था। इसी हड़बड़ाहट में कुछ दूरी पर उसने सड़क पर मौजूद चार मवेशियों को भी रौंद दिया। इस दुर्घटना में दो मवेशियों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल युवक को तत्काल एनटीपीसी स्थित धन्वंतरी चिकित्सालय में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने सिर में गंभीर चोट को देखते हुए प्राथमिक उपचार के बाद युवक को बेहतर इलाज के लिए अन्यत्र रेफर कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना के बाद क्षेत्रवासियों में आक्रोश व्याप्त है।

# 150 किलोग्राम नाजायज गांजा के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

**अन्तर्राज्यीय गांजा तस्करी का भंडाफोड़, 1 अभियुक्त गिरफ्तार**

**आयशर गुड्स कैरियर वाहन संख्या डऊ19 8751 से 150 किग्रा नाजायज गांजा बरामद।**

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के निर्देशन में मादक पदार्थों की तस्करी की रोकथाम एवं तस्करों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) अनिल कुमार के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर कुमार मिश्र के पर्यवेक्षण में आगामी होली त्यौहार के दृष्टिगत थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस एवं एसओजी टीम द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में दिनांक 28.02.2026 को समय करीब 20.55 बजे वाराणसीझ्रशक्तिनगर मार्ग पर टाटा मोटर्स शो-रूम के आगे सड़क किनारे संदिग्ध अवस्था में खड़े आयशर गुड्स कैरियर वाहन संख्या डऊ19 8751 की तलाशी ली गई। वाहन चालक अनन्ता द्वारी पुत्र चौधरी द्वारी निवासी जनपद अंगुल (उड़ीसा) से पूछताछ एवं नियमानुसार तलाशी के दौरान वाहन में लदे एल्यूमिनियम बंडलों के पीछे छिपाकर रखे 08 प्लास्टिक बोरों में कुल 150 किलोग्राम नाजायज गांजा बरामद हुआ। बरामद गांजा की अनुमानित कीमत लाखों रुपये आँकी गई है। अभियुक्त के कब्जे से एक मोबाइल फोन, नगद धनराशि एवं वाहन संबंधी दस्तावेज भी बरामद किए गए। बरामदगी एवं गिरफ्तारी के आधार पर थाना रॉबर्ट्सगंज पर मु0अ0सं0 159/2026 धारा 8/20/27ए/29/60 एनडीपीएस एक्ट के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है अनन्ता द्वारी पुत्र चौधरी द्वारी निवासी नुनुकापासी बोइंडा, थाना हण्डपा, जनपद अंगुल (उड़ीसा), उम्र लगभग 39 वर्ष।


# राजस्थान के राज्यपाल से अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा

अमन लेखनी समाचार



जयपुर। राजस्थान सरकार के राज्यपाल हरिभाऊ बागडे से केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली तथा जगद्गुरु रामानंदाचार्य संस्कृत विश्वविद्यालय जयपुर के संयुक्त तत्वावधान में मीडिया एस.वी- ब्लॉग के पांच दिवसीय कार्यशाला में शामिल होने आए नासिक परिसर के प्राध्यापक ,मीडिया समन्वयक एवं संयुक्त शिक्षक संघ (अखिल भारतीय नई दिल्ली) के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ रंजय कुमार सिंह ने शिष्टाचार मुलाकात की, राज्यपाल से मुलाकात के दौरान डॉ सिंह के नेतृत्व में नासिक , जयपुर एवं रणवीर परिसर जम्मू के प्राध्यापकों तथा संगठन के पदाधिकारियों में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ सुभाषचंद्र मिश्र, राष्ट्रीय कार्यकारणी की सचिव डॉ प्रीति शर्मा , महिला कार्यकारणी सचिव डॉ लक्ष्मी शर्मा और जम्मू परिक्षेत्र के संगठन सचिव डॉ प्रवीन कुमार शर्मा ने केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली के समस्त परिसरों, आदर्श महाविद्यालयो तथा देश के समस्त संविदा /अतिथि प्राध्यापकों/ आउटसोर्स कर्मचारियों की वर्तमान नियुक्ति प्रक्रिया तथा स्थायीकरण की समस्याओ के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराते हुए ज्ञापन दिया। डॉ सिंह ने राज्यपाल महोदय को बताया कि सर्वोच्च न्यायालय का आदेश तथा दिशा निर्देश भी है कि ₹समान कार्य समान वेतन₹ को संविधान के नीतिनिदेशक तत्व अनुच्छेद 39 और अनुच्छेद 14,15 व 16 समानता का अधिकार का जो सिद्धांत है वह सम्पूर्ण देश में लागू किया जाय। एक संविधान एक विधान एवं सबका साथ सबका विकास का नारा देने वाली केंद्र की वर्तमान सरकार अब तक लागू नहीं कर पाई। संस्कृत भाषा में शपथ लेने वाले विधायक और सांसद केवल जनता में संदेश देने के लिए शपथ तो लेते है ,लेकिन इस भाषा के प्रचार प्रसार में तथा सभ्यता -संस्कृति के लिए दिन रात राष्ट्र निर्माण में योगदान देने वाले शिक्षकों के साथ हो रहे अन्याय को विधानसभा और संसद में प्रश्न उठाकर सरकार का ध्यान नहीं आकर्षित करते है।

# ककरवई पुलिस ने किया पैदल गश्त, लोगों को दिया सुरक्षा का भरोसा



अमन लेखनी समाचार

ककरवई। आगामी होली त्योहार के मद्देनजर ककरवई थाना पुलिस ने रविवार को गरौठा सर्किल के विभिन्न गांवों में पैदल गश्त किया। थानाध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने ग्रामीणों से शांतिपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने की अपील की। थानाध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने अपनी पुलिस टीम के साथ थानाक्षेत्र के ग्राम देवरी, प्रतापपुरा, ठर्रो और धनौरा में पैदल गश्त की। इस दौरान उन्होंने होलिका दहन स्थलों का निरीक्षण किया और ग्रामीणों से सीधा संवाद कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने सभी लोगों से आपसी भाईचारे के साथ रंगों का पर्व होली मनाने का आग्रह किया। थानाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि यदि कोई भी व्यक्ति माहौल बिगाड़ने की कोशिश करता है, तो उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों से यह भी अपील की कि यदि कोई अराजक तत्व शांति व्यवस्था भंग करने का प्रयास करता है, तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी जाए।

# गरौठा में शांति समिति की बैठक, त्योहारों पर सख्ती के निर्देश

अमन लेखनी समाचार



गरौठा, झांसी। आगामी होली, रमजान और ईद पर्व को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने के उद्देश्य से गरौठा कोतवाली परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की संयुक्त अध्यक्षता उपजिलाधिकारी सुनील कुमार एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी देवेंद्र नाथ मिश्र ने की। बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निदेशों का उल्लेख करते हुए अधिकारियों ने बताया कि मुख्यमंत्री ने विदेश यात्रा से लौटने के बाद प्रदेशभर में त्योहारों को शांतिपूर्वक संपन्न कराने हेतु विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि होली, रमजान और ईद जैसे प्रमुख पर्वों के दौरान माहौल बिगाड़ने की कोशिश करने वाले अराजक तत्वों एवं उपद्रवियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने कहा कि कानून व्यवस्था से किसी भी प्रकार का खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और सभी त्योहार आपसी भाईचारे व सौहार्द के साथ मनाए जाएं। उपजिलाधिकारी एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी ने उपस्थित जनप्रतिनिधियों और नागरिकों से प्रशासन का सहयोग करने की अपील की तथा सभी को होली की शुभकामनाएं दीं। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुरजीत सिंह ने नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के गणमान्य नागरिकों और पत्रकारों से अपील करते हुए कहा कि यदि कहीं भी अवैध कच्ची शराब की बिक्री की सूचना मिले तो तत्काल पुलिस को अवगत कराएं, ताकि दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जा सके। बैठक में कस्बा इंचार्ज अखिलेश सिंह, पुलिस कांस्टेबल हरीश गौतम, नागराज, नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार मिश्रा, मंडल अध्यक्ष गुड्डू पाठक, ग्राम प्रधान नरेंद्र त्रिपाठी, अनुज कुमार द्विवेदी ,एडवोकेट अयूब सिद्दीकी, मेहरबान सिंह बुंदेला, डॉ. ओमप्रकाश दोदेरिया सहित नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र के कई संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे।

# शाहाबाद में 25-25 हजार के इनामी 3 बदमाश

## पुलिस मुठभेड़ ,2 बदमाश घायल तीसरा भी गिरफ्तार , 2 सिपाही भी घायल हुए,डकैती की घटना में थे वांछित

अमन लेखनी समाचार

हरदोई। शाहाबाद इलाके में पुलिस और बदमाशों की मुठभेड़ हो गयी ।इस मुठभेड़ में लूट की घटना में वांछित 25-25 हजार के इनामी 2 बदमाश घायल हो गए जबकि तीसरा भी गिरफ्तार किया सभी जनपद पीलीभीत के रहने वाले है ।प्रभारी निरीक्षक शाहाबाद समेत 22 पुलिस कर्मियों की टीम से हुई मुठभेड़ में दो सिपाही भी घायल हुए है ।सभी को इलाज के लिये अस्पताल ले जाया गया ।पुलिस ने 17 हजार 520 रुपये नगदी व 3 तमंचे 5 खोखा और 5 कारतूस बरामद किए है ।यह सभी 10 फरवरी को मलकापुर में हुई डकैती में वांछित थे। मामले का खुलासा करते हुए सीओ शाहाबाद आलोक राज नारायण ने बताया कि 10 फरवरी को शाहाबाद क्षेत्र के मलकापुर में अनीस खां के घर अज्ञात व्यक्ति घुस गए तथा उन्हें बंधक बनाकर घर में रखे 30 हजार रुपए नगदी व आभूषण ले गए थे ।मामले में 5 अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत किया गया था ।एसपी अशोक कुमार मीणा के साथ आईजी ने भी घटना स्थल का निरीक्षण किया था और खुलासे के लिए टीमों को लगाया था ।एसपी के द्वारा घटना में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु 25-25 हजार रुपए का ईनाम घोषित किया गया था। सीओ ने बताया कि प्रभारी निरीक्षक शाहाबाद समेत 22 पुलिस कर्मियों की टीम वाहनों की सघन चेकिंग कर रही थी इसी बीच मुखबिर द्वारा सूचना दी गयी कि डकैती से सम्बंधित लोग शाहाबाद निमार्णाधीन बाईपास के पास बाग में मौजूद है ।पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की गयी जिसपर बाग में मौजूद व्यक्तियों द्वारा खुद को घिरा देख पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया ।पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ फायरिंग की गयी ।इसमें यादराम उर्फ यादा पुत्र माखन लाल,धर्मेन्द्र गिरी पुत्र हरपाल गिरी निवासी नौगमा पकडिया थाना सुनगढी जनपद पीलीभीत दाहिने पैर में गोली लगने से घायल हो गए तथा समोल मण्डल पुत्र उपेन मण्डल निवासी भरतपुर थाना न्यूरिया जनपद पीलीभीत को भी मौके से गिरफ्तार किया गया ।इस दौरान थाना शाहाबाद पर तैनात सिपाही मंगेश व मनोज भी घायल हो गए ।घायल पुलिसकर्मी व बदमाशों को उपचार हेतु चिकित्सालय ले जाया गया।

# थाना ककरवई में पीस कमेटी की बैठक हुई आयोजित

**थानाध्यक्ष ने होली के त्यौहार को सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की**

अमन लेखनी समाचार



ककरवई। ककरवई थाना क्षेत्र में आगामी होली पर्व को लेकर रविवार शाम 5 बजे पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। यह बैठक थाना ककरवई में थानाध्यक्ष योगेंद्र सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक के दौरान थानाध्यक्ष योगेंद्र सिंह ने होलिका दहन स्थलों की जानकारी ली। उन्होंने सभी उपस्थित लोगों से होली का त्योहार शांति और सौहार्दपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की। थानाध्यक्ष ने जोर दिया कि कोई भी नई परंपरा शुरू न की जाए और सभी लोग मिलजुलकर भाईचारे के साथ त्योहार मनाएं। उन्होंने यह भी कहा कि यदि कहीं भी किसी प्रकार की समस्या उत्पन्न होती है, तो तत्काल पुलिस प्रशासन को सूचित करें, ताकि समय रहते उसका समाधान किया जा सके। थानाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि शांति व्यवस्था बनाए रखना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। इस अवसर पर ग्राम प्रधान ककरवई राजेंद्र कुमार तिवारी, ग्राम प्रधान धमनौड सरजू प्रसाद पाठक, चंद्र प्रकाश द्विवेदी, धर्मजीत यादव, हेमंत यादव, संदीप सिंह परिहार, मोलू घटियारी, रामू सिंह, लालू प्रसाद, हरेंद्र सिंह यादव सहित समस्त थाना पुलिस स्टाफ और थाना क्षेत्र के संभ्रांत नागरिक उपस्थित रहे।

# प्रधान ने ऑटो चालक सहित सवार महिलाओं से की मारपीट, वीडियो वायरल

**रेलवे क्रॉसिंग पर घंटो लगा जाम, राहगीर सहित वाहन चालक रहे परेशान**

अमन लेखनी समाचार

शाहाबाद, हरदोई। थाना बेहटा गोकुल क्षेत्र में उस समय हड़कंप मच गया जब ग्राम प्रधान द्वारा एक ऑटो चालक और उसमें सवार महिलाओं के साथ मारपीट किए जाने का मामला सामने आया। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिससे पूरे इलाके में चर्चा का विषय बना हुआ है। बताया जा रहा है कि यह मामला बेहटा गोकुल थाना क्षेत्र के खेरिया रेलवे क्रॉसिंग के पास का है जहां पर खेरिया प्रधान की कार वढ 32 ढफ 7290 ऑटो वढ30 ऊळ 6496 से टकरा गई, जिससे गुस्साए प्रधान ने ऑटो चालक सहित सवार महिलाओं को डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया, जिसका सोशल मीडिया पर हंगामे का तेजी से वीडियो वायरल, ग्राम प्रधान और ऑटो चालक के बीच कहासुनी हो गई, जिसके बाद मामला इतना बढ़ गया कि प्रधान ने अपने साथियों के साथ मिलकर ऑटो चालक और उसमें बैठी महिलाओं के साथ मारपीट कर दी। मारपीट के दौरान महिलाओं के साथ भी धक्का-मुक्की की गई, जिससे वे घायल हो गईं। घटना का किसी व्यक्ति ने वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। वीडियो सामने आने के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश देखा जा रहा है, और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग उठने लगी है। वहीं पीड़ित पक्ष ने मामले की शिकायत पुलिस से करने की बात कही है।

# ईरान और इजरायल के बीच जारी युद्ध के चलते हवाई यातायात प्रभावित

अमन लेखनी समाचार

सरोजनीनगर, लखनऊ। दक्षिण एशिया में ईरान और इजरायल के बीच जारी युद्ध के चलते हवाई यातायात प्रभावित हो गया है। इसका असर चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट, लखनऊ पर भी देखने को मिला, जहां रविवार को आने-जाने वाली कई अंतरराष्ट्रीय उड़ानें रद्द कर दी गईं। अचानक हुई उड़ान निरस्तीकरण से यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। रविवार सुबह 6:05 बजे अबू धाबी से लखनऊ आने वाली इंडिगो की फ्लाइट 6ई 1416 और सुबह 7:05 बजे शारजाह से आने वाली फ्लाइट 6ई 1424 रद्द कर दी गई। इसी तरह दुबई से दोपहर 11:30 बजे पहुंचने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की आईएक्स 194 तथा दम्माम से शाम 8:00 बजे आने वाली इंडिगो की फ्लाइट 6ई 98 भी निरस्त कर दी गयी है। वहीं चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट से रविवारको प्रस्थान करने वाली उड़ानों में लखनऊ से रात 1:05 बजे दुबई जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की आईएक्स 193 रद्द रही। रात 8:35 बजे अबू धाबी जाने वाली इंडिगो की 6ई 1415, रात 9:00 बजे दम्माम जाने वाली 6ई 97 और रात 10:00 बजे शारजाह जाने वाली 6ई 1423 रद्द कर दी गईं। वहीं, सुबह 6:15 बजे दम्माम जाने वाली फ्लाईनेस की एक्सवाई 897 एक घंटे विलंब से रवाना हुई। एयरपोर्ट प्रशासन के अनुसार, क्षेत्रीय परिस्थितियों के सामान्य होने तक उड़ानों का संचालन प्रभावित रह सकता है।

**अमन लेखनी (हिन्दी दैनिक)**

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. - 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



## फिल्म 'स्पिरिट' से विवेक का पहला पोस्टर जारी...

**मुंबई।** प्रभास की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'स्पिरिट' मार्च, 2027 में बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाने के लिए उतरेगी। फिल्म के निर्देशक संदीप रेड्डी वांगा ने अभी से माहौल सेट करना शुरू कर दिया है। नए साल के मौके पर, 1 जनवरी को फिल्म से पहली तस्वीर सामने आई थी जिसमें प्रभास और तृप्ति डिमरी की झलक देखने को मिली थी। अब फिल्म से विवेक ओबेरॉय का पहला आधिकारिक पोस्टर जारी कर दिया गया है। 'स्पिरिट' से विवेक का पहला लुक जारी करते हुए कैप्शन दिया गया, 'अंधेरे में छिपा एक रहस्य और वो आंखें जो सबसे गहरे राज याद रखती हैं।'

लाइफ Style



# कीर्ति

## अब खलनायिका बनकर मचाएंगी तहलका

'पिंक', 'इंदु सरकार' और 'फोर मोर शॉट्स प्लीज' जैसी फिल्मों-सीरीज से दर्शकों का दिल जीतने वाली कीर्ति कुल्हारी नई भूमिका को लेकर चर्चा में आ गई हैं। दिलचस्प बात यह है कि फैंस इस बार उन्हें नकारात्मक किरदार में देखेंगे।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

पिछले साल अभिनेत्री ने राकेश सैन के निर्देशन में बनी पहली फिल्म 'चकोर बन' की शूटिंग शुरू की है। इसके बाद से फैंस फिल्म से जुड़े अपडेट का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वैरायटी इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक, कीर्ति को फिल्म 'चकोर बन' में मुख्य खलनायिका (या मुख्य प्रतिपक्षी) के लिए चुना गया है जो उनके लिए एक नया अनुभव होगा। फिल्म को बनाने के लिए राकेश बतौर सहायक और एसोसिएट निर्देशक बनकर, दिग्गज निर्देशक श्रीराम राघवन के साथ काम कर रहे हैं। पहले भी उन्होंने 'एक हसीना थी', 'एजेंट विनोद', 'बदलापुर', 'अंधाधुन' और 'मेरी क्रिसमस' जैसी कई फिल्मों में अपना पूरा सहयोग दिया है। रिपोर्ट के मुताबिक, कीर्ति ने अपनी एक अन्य फिल्म 'किनारे' की शूटिंग पूरी कर ली है। यह उनकी पहली फीचर फिल्म है जिसे उन्होंने अपनी प्रोडक्शन कंपनी किंटसुकुरोई फिल्म्स के बैनर तले निर्मित किया है। फिल्म का निर्देशन अकबर आजम कादरी ने किया है, जबकि कहानीकार भी वह खुद हैं। कास्ट में कीर्ति के अलावा, अभिनेता राजीव सिद्धार्थ, रवि तनेजा और अलका अमीन जैसे सितारे हैं। फिलहाल फिल्म पोस्ट-प्रोडक्शन चरण में है और इसी साल रिलीज हो सकती है।

हॉलीवुड मसाला



## टेलर व ट्रैविस करने जा रहे शादी

**लॉस एंजिल्स।** पॉप गायिका टेलर स्विफ्ट अपनी निजी और कामकाजी जिंदगी को लेकर हमेशा चर्चा में रहती हैं। अगस्त, 2025 में उन्होंने अपने बॉयफ्रेंड ट्रैविस केल्स के साथ सगाई की थी। उस वक्त से चर्चा थी कि दोनों 2026 में एक-दूसरे के साथ शादी करके अपने रिश्ते को एक कदम आगे बढ़ा सकते हैं। ताजा जानकारी में पता चला है कि टेलर और ट्रैविस ने अपनी शादी की तारीख को पक्का कर लिया है। दोनों जून में शादी करने जा रहे हैं। रिपोर्ट के हवाले से बताया है कि टेलर और टैविस 13 जून, 2026 को अमेरिका के रोड आइलैंड में शादी करने जा रहे हैं।



## शो 'द वायर' के अभिनेता बॉबी जे ब्राउन नहीं रहे

**लॉस एंजिल्स।** एचबीओ के टीवी शो 'द वायर' से लोकप्रियता हासिल करने वाले अभिनेता बॉबी जे. ब्राउन का निधन हो गया है। उन्होंने 62 साल की उम्र में अपनी आखिरी सांस ली। इस दुखद खबर की पुष्टि अभिनेता की बेटी की ओर से की गई। उनकी बेटी ने बताया कि 24 फरवरी, यानी को मैरीलैंड में एक खलिहान में आग लग गई थी। इसके धुंए के कारण दम घुटने से अभिनेता की मौत हो गई। रिपोर्ट के मुताबिक, मैरीलैंड के मुख्य चिकित्सा परीक्षक कार्यालय की ओर से बताया गया कि, 'ब्राउन की मौत का कारण उनके शरीर में फैली गर्मी और दम घटना था। हमें बताया गया कि मौत एक दुर्घटना थी।' बताया जाता है कि खलिहान में आग उस वक्त लगी, जब अभिनेता अपनी गाड़ी स्टार्ट करने पहुंचे थे। जब तक अग्निशामक यंत्र वहां पहुंचे, आग पूरी तरह से फैल चुकी थी।



## नई फिल्म को मिला नाम शूटिंग होगी शुरू

**मुंबई।** शनाया कपूर ने अपनी हालिया रिलीज एडवेंचर-थ्रिलर फिल्म 'तू या मैं' से सुर्खियां बटोरी थीं। इसमें उनके साथ आदर्श गौरव मुख्य किरदार में थे, लेकिन दर्शकों का दिल जीतने में यह बुरी तरह से नाकामयाब साबित हुई। इस बीच, शनाया अगली फिल्म को लेकर चर्चाओं में आ गई हैं जिसके शीर्षक का खुलासा आखिरकार हो गया है। फिल्म के निर्माता विकेश भूटानी हैं जिन्होंने आधिकारिक तौर पर शीर्षक का खुलासा कर दिया है। मिड-डे की रिपोर्ट के मुताबिक, निर्माता भूटानी ने बातचीत के दौरान बताया है कि आगामी कॉमेडी फिल्म का शीर्षक 'जैकब कार्डोसो' रखा गया है। शनाया के अलावा, फिल्म में अभय वर्मा मुख्य किरदार में दिखाई देंगे, जिन्हें 'मुंज्या' से लोकप्रियता मिली थी।




## मृणाल की 'डकैत' का पहला गाना जारी

**मुंबई।** मृणाल ठाकुर और आदिवी शेष की आगामी फिल्म 'डकैत- एक प्रेम कथा' लंबे समय से चर्चा में है। पहले इसे मार्च, 2026 में रिलीज किया जाना था, लेकिन अब फिल्म 10 अप्रैल को सिनेमाघरों का रुख करेगी। इस बीच, लोगों की उत्सुकता को बढ़ाने के लिए निर्माताओं ने पहला गाना 'रूबरू' जारी कर दिया है। गाने को हिंदी और तेलुगु भाषाओं के साथ डब किया गया है, जो सोनी म्यूजिक के यूट्यूब चैनल पर उपलब्ध हो चुका है। 'रूबरू' को फहीम अब्दुल्लाह ने आवाज दी है। इसमें उनका साथ चिन्मयी श्रीपदा ने दिया है। गाने का संगीत भीम्स सेसिरोलियो ने तैयार किया है, जबकि बोल रितेश रजवाड़ा ने लिखे हैं। बता दें, फिल्म 'डकैत' का निर्देशन शेनिल देव ने किया है। इसकी कहानी प्यार, धोखे और बदले के इर्द-गिर्द घूमती है।

टीवी मसाला




## फिल्म की शूटिंग खत्म करते ही शादी के बंधन में बंधेंगी कृतिका

**नई दिल्ली।** टीवी और एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री की जानी-मानी जोड़ी कृतिका कामरा और गौरव कपूर अपने जीवन के सबसे खास पड़ाव की ओर बढ़ रहे हैं। दोनों इस मार्च शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं और जैसे-जैसे तारीख नजदीक आ रही है, वैसे-वैसे उनकी जिंदगी में उत्साह बढ़ते नजर आ रहे हैं। शादी से पहले दोनों अपने-अपने प्रोफेशनल कमिटमेंट्स को पूरा करने में पूरी तरह जुटे हुए हैं, ताकि जब जश्न का समय आए तो वे बिना किसी चिंता के हर पल को जी सकें। कृतिका इन दिनों एक इंडिपेंडेंट फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हैं। यह प्रोजेक्ट लगातार चलने वाले शेड्यूल में शूट हो रहा है और उम्मीद है कि मार्च के पहले सप्ताह तक इसका काम पूरा हो जाएगा। लंबे शूटिंग घंटों के बावजूद कृतिका शादी की तैयारियों पर भी उतना ही ध्यान दे रही हैं। उनके करीबी बताते हैं कि वह चाहती हैं कि शादी के समय उनका कैलेंडर पूरी तरह खाली हो, ताकि वह इस नए सफर की शुरुआत पूरे सुकून और खुशी के साथ कर सकें।

## करण कुंद्रा के सीने पर तेजस्वी प्रकाश का टैटू, ये परमानेंट है या एआई का कमाल?

**नई दिल्ली।** टीवी के पॉपुलर कपल 'तेजरन' यानी तेजस्वी प्रकाश और करण कुंद्रा को फैंस काफी पसंद करते हैं। बिग बॉस के बाद से दोनों की जोड़ी हिट है। हाल ही में एक वीडियो वायरल हुआ, जिसमें फैंस ने नोटिस किया कि करण कुंद्रा ने सीने तेजस्वी का चेहरा टैटू करवा रखा है। वीडियो वायरल हुआ तो चर्चाएं शुरू हो गई, लोग जानने के लिए बेताब हो गए कि ये परमानेंट है या एआई जनरेटेड फेक इमेज है। हालांकि, करण के इस रोमांटिक जेस्चर पर प्यार लुटा रहे हैं। इवेंट की तस्वीरें और वीडियो सामने आते ही फैंस के बीच इस टैटू को लेकर बहस छिड़ गई कुछ फैंस ने इसे असली प्यार का इजहार बताया तो कुछ ने इसे एआई जनरेटेड फोटो करार दे दिया। इसी कन्फ्यूजन को दूर खुद करण कुंद्रा ने किया। करण कुंद्रा ने बताया कि ये तेजस्वी के चेहरे का टैटू तो है, लेकिन ये परमानेंट नहीं है। यह टैटू तेजस्वी के डेब्यू ओटीटी शो 'साइको सैयां' के प्रमोशन के लिए बनवाया गया। उन्होंने कहा कि मैंने अपना सपोर्ट दिखाने के लिए ये किया।



## रश्मिका- देवरकोंडा की राजसी शादी
## 10 महीने में तैयार हुए किलोभर सोने के गहने

*मुंबई। उदयपुर में रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा की शादी सिर्फ एक उत्सव नहीं थी, बल्कि भव्यता और शाही ठाट-बाट का जश्न था, लेकिन इस राजसी चमक के पीछे छुपा है कारीगरों का 10 महीने का कड़ा परिश्रम। हर गहना शादी को यादगार बनाने के लिए बारीकी से तैयार किया गया, जो इसे वाकई एक राजसी अनुभव बनाता है। आइए जानते हैं इन गहनों से जुड़ी कुछ और दिलचस्प और अनसुनी बातें।*

### रश्मिका- विजय की शादी में सोने की चमक

विजय और रश्मिका की शादी में सबसे ज्यादा ध्यान खींचा उनके किलोभर वजनी सोने के गहनों ने। मांग टीके और बाजूबंद से लेकर पैरों की पायल तक, रश्मिका-विजय दोनों ने अपनी शादी के लिए भारी-भरकम मंदिर वास्तुकला से प्रेरित गहने चुने। रश्मिका ने सोने की चेन वाले झुमके पहने थे, जो पीछे बालों तक जुड़े हुए थे। उनके हाथों में सोने की चूड़ियों का ढेर, कड़े और हाथफूल भी थे, जो उनके लुक को और भी भव्य बना रहे थे।



### आधुनिक फैशन और प्राचीन संस्कृति का संगम

इस जोड़ी ने अपनी शादी के लिए खास 'टेंपल-स्टाइल' (मंदिर वास्तुकला शैली) के गहनों को चुना, जिन्हें तैयार करने में कारीगरों को पूरे 10 महीने का समय लगा। किलोभर सोने से बने इन आभूषणों पर देवी-देवताओं और पौराणिक प्रतीकों की बेहद बारीक नक्काशी की गई है। गले में सजे भारी हार से लेकर हाथों के कड़ों तक, रश्मिका और विजय का ये 'शाही लुक' आधुनिक फैशन और प्राचीन संस्कृति का एक अद्भुत मेल है।

### हर गहने में शाही नक्काशी का कमाल

विजय ने राजाओं जैसा लुक अपनाया, गले में भगवान लक्ष्मी की नक्काशी वाला नेकलेस, हाथों में 'थानेस' स्टाइल ब्रेसलेट्स, बाजूबंद और पैरों में सोने के कड़े पहने। रश्मिका के 11 विशेष आभूषणों को तैयार करने में कारीगरों ने 10 महीने का लंबा समय लिया। इस 'विरोश' जोड़ी ने करीब 2 किलो से भी ज्यादा वजन के परंपरिक सोने के गहने पहने थे।

## प्रियंका के जबरदस्त किरदार, एक के लिए निर्देशक ने देखते ही कर दिया था इंकार



**मुंबई।** प्रियंका चोपड़ा की फिल्म 'द ब्लफ' की हर तरफ चर्चा हो रही है, जहां वो एक समुद्री डाकू के बेहद चुनौतीपूर्ण किरदार में नजर आ रही हैं। फिल्म में उनकी अदाकारी की खूब तारीफ हो रही है। प्रियंका की मेहनत ने साबित कर दिया है कि चाहे 'बर्फी' की मासूम झिलमिल हो, 'बाजीराव मस्तानी' की स्वाभिमानी काशीबाई या अब 'द ब्लफ' की योद्धा, प्रियंका हर किरदार में जान फूंकना जानती हैं। एक नजर प्रियंका के दमदार किरदारों पर।

*'बर्फी' (झिलमिल) :* साल 2012 में आई फिल्म 'बर्फी' में झिलमिल की भूमिका के लिए जब प्रियंका निर्देशक से मिलने पहुंचीं तो उन्हें देखते ही निर्देशक ने ये कहकर मना कर दिया कि वो इस रोल के लिए बहुत 'ग्लैमरस' हैं। हालांकि, प्रियंका की कड़ी मेहनत ने निर्देशक को अपना फैसला बदलने पर मजबूर कर दिया। नतीजा ये हुआ कि जब फिल्म पर्दे पर आई ते उसी ठुकराए गए किरदार ने भारतीय सिनेमा में अभिनय की एक नई मिसाल कायम कर दी।


*'मैरी कॉम' (मैरी कॉम) :* 'मैरी कॉम' में प्रियंका ने अपनी ताकत और जुनून से दर्शकों को हिला दिया था। दिग्गज मुक्केबाज मैरी कॉम की इस बायोपिक फिल्म के लिए प्रियंका ने खुद को पूरी तरह बदल लिया था। इस रोल के लिए प्रियंका ने न केवल मुक्केबाजी सीखी, बल्कि अपने शरीर को भी एक एथलीट की तरह ढाला। पर्दे पर उन्होंने अपनी भूमिका को इतनी शिद्दत से जिया कि दर्शकों को लगा जैसे वो खुद मैरी कॉम को रिंग में लड़ते देख रहे हैं।

*'फैशन' (मेघना माथुर) :* प्रियंका की फिल्म 'फैशन' ने उनके करियर को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया था। इसने ने सिर्फ प्रियंका को उनके करियर का पहला राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार दिलाया, बल्कि बॉलीवुड में अभिनेत्री होने की परिभाषा भी बदल दी। फिल्म में प्रियंका ने मेघना माथुर' का किरदार निभाया था, जिसने एक छोटे शहर की लड़की से सुपरमॉडल बनने और फिर अर्श से फर्श पर गिरने के दर्दनाक सफर को दिखाया। अभिनेत्री कंगना रनौत ने इस फिल्म में सहायक भूमिका निभाई थी।

## सिनेमाघरों से ओटीटी तक कोहराम, मार्च में रिलीज हो रहीं 'धुरंधर 2' समेत 5 धमाकेदार फिल्में...

*मुंबई। साल 2026 का मार्च महीना भारतीय सिनेमा के लिए किसी ब्लॉकबस्टर उत्सव से कम नहीं होने वाला है। इस महीने जहां बड़े पर्दे पर रणवीर सिंह अपनी एक्शन-थ्रिलर फिल्म 'धुरंधर 2' के साथ तहलका मचाएंगे, वहीं अनिल कपूर ओटीटी प्लेटफॉर्म पर अपनी फिल्म 'सूबेदार' के जरिए एक फौजी के दमदार अंदाज में दर्शकों का दिल जीतेंगे। आइए जानते हैं मार्च के महीने में कौन-सी फिल्म कब रिलीज हो रही है।*

**'धुरंधर 2'**: साल 2026 की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्म 'धुरंधर 2' मार्च के महीने में सिनेमाघरों में तहलका मचाने के लिए पूरी तरह तैयार है। आदित्य धर के निर्देशन में बन रही ये फिल्म न केवल एक सीक्वल है, बल्कि भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े एक्शन प्रोजेक्ट्स में से एक मानी जा रही है। फिल्म 19 मार्च को दर्शकों के बीच आने वाली है। सीक्वल में 'उरी: द सर्जिकल स्ट्राइक' के कलाकार विक्की कौशल और यामी गौतम भी नजर आ सकती हैं।



**'टॉक्सिक'** : 'धुरंधर 2' को सीधी टक्कर देने के लिए साउथ के रॉकिंग स्टार यश अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'टॉक्सिक' के साथ मैदान में उतर रहे हैं। 'KGF' फ्रैंचाइजी की ऐतिहासिक सफलता के बाद दर्शकों की नजरें यश के इस अगले कदम पर टिकी हैं। ये फिल्म ठीक उसी दिन रिलीज हो रही है, जिस दिन 'धुरंधर 2' आ रही है। बॉक्स ऑफिस पर ये 'यश बनाम रणवीर सिंह' की जंग साल 2026 का सबसे बड़ा 'सिनेमाई युद्ध' साबित होने वाली है।

**'मैसा'**: रश्मिका मंदाना की बहुप्रतीक्षित फिल्म 'मैसा' को लेकर भी मार्च 2026 के कैलेंडर में जबरदस्त सुगबुगाहट है। रश्मिका इस फिल्म में एक बिल्कुल नए और शक्तिशाली अवतार में नजर आएंगी। 'मैसा' उनके करियर की सबसे चुनौतीपूर्ण फिल्मों में से एक मानी जा रही है। ये फिल्म एक ऐसी महिला की कहानी है, जो अपनी ताकत और साहस के दम पर समाज की बेड़ियों को तोड़ती है। 20 मार्च, 2026 को इस फिल्म के सिनेमाघरों में आने की चर्चा है।

***'सूबेदार' और 'चरक'*** *: जहां एक तरफ मार्च में 'धुरंधर 2' और 'टॉक्सिक' जैसी बड़ी फिल्में सिनेमाघरों में टकरा रही हैं, वहीं अनिल कपूर अपनी फिल्म 'सूबेदार' के साथ 5 मार्च को अमेजन प्राइम वीडियो पर धमाका करने को तैयार हैं। उधर 'द केरल स्टोरी' और 'बस्तर' जैसी प्रभावशाली फिल्में देने वाले निर्देशक सुदीप्तो सेन अब अपनी नई फिल्म 'चरक' के साथ एक बार फिर दर्शकों को झकझोरने के लिए तैयार हैं। उनकी ये फिल्म 6 मार्च को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।*

## 'मालामाल वीकली 2' में लौटेगी रितेश, परेश-राजपाल की तिकड़ी, फिर मचेगा धमाल



**मुंबई।** रितेश देशमुख, परेश रावल और राजपाल यादव की फिल्म 'मालामाल वीकली' साल 2006 में रिलीज हुई थी। ताजा जानकारी में पता चला है कि इसकी दूसरी किस्त लाने की तैयारी चल रही है। जाहिर है कि 'हेरा फेरी', 'भागम भाग' और 'खोसला का घोसला' जैसी कल्ट फिल्मों का सीक्वल आने के लिए तैयार है। ऐसे में, 20 साल पहले आई 'मालामाल वीकली' की दूसरी किस्त आना फैंस के लिए किसी बड़े तोहफे से कम साबित नहीं होगा। बॉलीवुड हंगामा की रिपोर्ट के मुताबिक, एक सूत्र ने जानकारी देते हुए बताया, 'मालामाल वीकली 2' के लिए बातचीत शुरू हो गई है। फिल्म पर काम कर रही टीम को एक बेहतरीन आइडिया मिला है जो इस फिल्म के दूसरे भाग के लिए बिल्कुल सही होगा। उन्होंने आगे बताया, यह सीधा सीक्वल नहीं है। इस बार किरदार और पृष्ठभूमि अलग होंगे, लेकिन पहले भाग की तरह ही, यह लालची ग्रामीणों के एक समूह के बारे में होगा।